शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 24, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 19 फरवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## नौसैन्य अभ्यास 'मिलन' में पहली बार हिस्सा लेंगे विक्रमादित्य और विक्रांत

**नई दिल्ली**

सिटी ऑफ डेस्टिनी विशाखापत्तनम में 21 फरवरी से होने वाले बहुराष्ट्रीय नौसैन्य अभ्यास मिलन में पहली बार भारत के दोनों विमानवाहक आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत हिस्सा लेंगे। करीब 50 मेहमान देशों के साथ इस समुद्री अभ्यास के लिए मेजबान भारतीय नौसेना बड़े पैमाने पर तैयारी कर रही है। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने अब तक के सबसे बड़े इस नौसैन्य अभ्यास को समुद्री क्षेत्र में भारत के राष्ट्रीय हित देखते हुए काफी महत्वपूर्ण बताया है। बहुराष्ट्रीय नौसैन्य अभ्यास मिलन में शामिल होने के लिए 58 देशों को आमंत्रित किया गया था, जिसमें 50 से अधिक देशों से शामिल होने की प्रतिक्रियाएं मिलीं हैं। विभिन्न देशों की नौसेनाएं अपने-अपने युद्धपोत समुद्री और हवाई बेड़े के साथ इस अभ्यास में शामिल होने के लिए पहुंचने लगी हैं। अमेरिकी नौसेना का अर्ले बर्क-क्लास गाइडेड मिसाइल विध्वंसक यूएसएस हैल्सी विशाखापत्तनम पहुंच गया है, जिसका पूर्वी नौसेना कमान सनराइज कमांड ने सिटी ऑफ डेस्टिनी में गर्मजोशी से स्वागत किया है। यह पहला मौका है जब भारत के दोनों विमानवाहक यानी आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत विशाखापत्तनम में होने वाले बहुराष्ट्रीय अभ्यास मिलन-2024 में भाग लेंगे। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार कहते हैं कि ह्यमिलनह्ल वास्तव में अब तक का सबसे बड़ा अभ्यास है, जो अपने कद, सामग्री और जटिलता की डिग्री में बढ़ रहा है। यह इस मायने में बहुत महत्वपूर्ण है कि इस बार का विषय सभी के साथ ह्यसहयोग, सामंजस्य और बातचीतह्ल है। इसमें एक समुद्री चरण और एक बंदरगाह चरण है, जो 19 फरवरी से शुरू होकर 27 फरवरी तक चलेगा।

# कांग्रेस ने सेना पर सवाल उठाए: पीएम मोदी

## कांग्रेस समेत विपक्ष पर निशाना साधते हुए 10 साल की अपनी सरकार की उपलब्धियां भी बताईं

**नई दिल्ली**

**दिल्ली के भारत मंडपम** में भाजपा का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन रविवार 18 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के साथ खत्म हो गया। पीएम ने अपने 64 मिनट के भाषण में कार्यकर्ताओं को ऊर्जा से काम करने का मंत्र दिया। वहीं, कांग्रेस समेत विपक्ष पर निशाना साधते हुए 10 साल की अपनी सरकार की उपलब्धियां भी बताईं। मोदी ने कहा कि कांग्रेस देश को बांटने में लगी है। उन्होंने सेना पर सवाल उठाए और राफेल की राह में भी रोड़े अटकाए। प्रधानमंत्री जैन संत विद्यासागर जी महाराज की बात करते हुए भावुक भी हो गए।

अधिवेशन में यूपीए सरकार के 10 साल के कार्यकाल के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था पर एक श्वेत पत्र जारी किया गया। इसके अलावा राम जन्मभूमि पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अभिनंदन करते हुए भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने श्रीराम मंदिर निर्माण पर प्रस्ताव पेश किया।

**कार्यकर्ताओं के लिए अगले 100 दिन नई उमंग नए जोश के हैं**

राष्ट्रीय अधिवेशन में उपस्थित और देश के कोने-कोने से जुड़े भाजपा कार्यकर्ताओं का मैं अभिनंदन करता हूं। भाजपा का कार्यकर्ता साल के हर दिन चौबीसों घंटे देश की सेवा के लिए कुछ ना कुछ करता ही रहता है। अब अगले 100 दिन नई ऊर्जा, नई उमंग, नए उत्साह, नया विश्वास, नए जोश के साथ काम करने के हैं। आज 18 फरवरी है। देश के नए युवा जो 18 वर्ष के हुए हैं, वो 18वीं लोकसभा का चुनाव करेंगे। अगले 100 दिन हर नए वोटर, हर लाभार्थी, हर वर्ग-हर समाज, हर एक तक पहुंचना है। सबका विश्वास हासिल करना है। सबका प्रयास होगा देश की सेवा के लिए सबसे ज्यादा सीटें भी भाजपा को ही मिलें।

**विद्यासागर जी का समाधि लेना व्यक्तिगत क्षति**

आज मैं देशवासियों की तरफ से संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 पूज्य विद्यासागरजी महाराज को आदरपूर्वक नमन करते हुए श्रद्धांजलि देता हूं। उनके समाधिस्थ होने की सूचना मिलने के बाद अनुयायी और हम सभी शोक में हैं।



### 'तीसरे टर्म में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाएंगे'

**विपक्ष के** हमारे दल भले ही योजनाओं को पूरा करना ना जानते हों, लेकिन झूठे वादे करने में इनका कोई जवाब नहीं। एक वादा करने से ये सारे राजनीतिक दल घबराते हैं। हमारा वादा विकसित भारत का है।

इन लोगों ने स्वीकार कर लिया है, ये लोग भारत को विकसित नहीं बना सकते। सिर्फ भाजपा पार्टी है और एनडीए गठबंधन है, जिसने ये सपना देखा। 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लिए हम काम करेंगे। हमने तीसरे टर्म में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने का संकल्प लिया है। ये मोदी की गारंटी है।

### 'पहले की सरकारों ने महिलाओं की नहीं सोची'



**आदिवासियों** के लिए पीएम जनधन योजना लाए। पीएम विश्वकर्मा योजना लाए। रेहड़ी पर काम करने वाले लाखों साथियों के लिए किसी ने नहीं सोचा, हमने उनके लिए योजना बनाई। पहले की सरकारों ने महिलाओं के जीवन में आने वाली परेशानियों की चिंता नहीं की। हमारे यहां बेटियों को गर्भ में मार डालने की विराट समस्या थी। हमने उनके लिए सामाजिक चेतना, कड़े कानून का सहारा लिया। पहली बार बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का जन आंदोलन चला। हमने पोषण अभियान चलाया, ताकि गर्भवतियों को मदद मिले। मातृ वंदन योजना के तहत सवा तीन करोड़ बहनों को मदद मिली। सुरक्षित मातृत्व अभियान के लिए 5 करोड़ गर्भवती महिलाओं का हेल्थ चेकअप कराया। माता और शिशु के खतरों को कम करने के लिए प्रयास किए। हमने रेप में फांसी की सजा सुनिश्चित की।

## कांग्रेस ने 55 साल के शासन में जनता को सत्ता प्राप्ति का हथियार बनाया: सीएम मनोहर लाल



**चंडीगढ़**

भाजपा के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में बोलते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भाजपा का 16 साल का शासन जनता की सेवा का माध्यम बना, जबकि कांग्रेस ने 55 साल के शासन में जनता को बस सत्ता प्राप्ति का हथियार बनाया गया। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राष्ट्रीय अधिवेशन में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा रखे गए प्रस्ताव भाजपा देश की आशा और विपक्ष में निराशा का अनुमोदन किया। प्रस्ताव का अनुमोदन करते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि कांग्रेस ने 55 साल में क्या किया और भाजपा ने क्या किया? उन्होंने कहा कि कांग्रेस केवल राजनीति करती रही, जबकि भाजपा ने गरीब कल्याण का काम किया। देश में व्यवस्था बदली और देश का विकास तेजी से किया। इस अधिवेशन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अलावा प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब, संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, केंद्रीय संसदीय बोर्ड की सदस्य सुधा यादव, राष्ट्रीय सचिव ओपी धनखड़ सहित लगभग तीन सौ से अधिक पदाधिकारी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर जमकर हमला बोलते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन की कोई नीति नहीं है, इसलिए यह गठबंधन लगातार बिखरता जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव आते-आते इंडी गठबंधन रसातल में चला जाएगा।

## दिल्ली में ट्रैक से उतरी मालगड़ी को हटाने का काम हुआ पूरा

**नई दिल्ली**

दिल्ली के सराय रोहिल्ला स्टेशन के पास शनिवार को मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतर जाने के मामले में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। इसके बाद से इस लाइन पर रेल यात्रा प्रभावित रही। रेलवे लाइन पर रेस्क्यू का काम लगभग पूरा हो चुका है और अंतिम बोगी को रविवार को हटाया गया। डीसीपी रेलवे केपीएस मल्होत्रा ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन रविवार दोपहर को खत्म हुआ।

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए अब चुनाव जरूरी नहीं

### पद खाली होने पर पार्लियामेंट्री बोर्ड नियुक्ति कर सकेगा, राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रस्ताव पास



**नई दिल्ली**

दिल्ली के भारत मंडपम में भाजपा का दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन रविवार 18 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के साथ खत्म हो गया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस देश को बांटने में लगी है। उन्होंने सेना पर सवाल उठाए और राफेल की राह में भी रोड़े अटकाए। प्रधानमंत्री जैन संत विद्यासागर जी महाराज की बात करते हुए भावुक भी हो गए। गृह मंत्री अमित शाह ने भी अधिवेशन में 56 मिनट की स्पीच दी। उन्होंने मोदी सरकार की 10 साल की उपलब्धि, रामलला की प्राण प्रतिष्ठा, कांग्रेस, परिवारवाद, भ्रष्टाचार, कठ.ऊक अलायंस और 2024 लोकसभा चुनाव पर बात की। शाह ने कांग्रेस पर कहा- इन लोगों ने अपनी सरकार रहते जमीन से आसमान और समंदर तक घोटाले कि दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर प्रस्ताव पास हुआ है।

## आज बेरोजगारी की बीमारी से उत्तर प्रदेश का हर तीसरा युवा ग्रसित है: राहुल गांधी



**लखनऊ**

**कांग्रेस नेता** राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर रविवार को निशाना साधा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार का मतलब बेरोजगारों पर दोहरी मार है। राहुल ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में दावा किया कि आज बेरोजगारी की बीमारी से उत्तर प्रदेश का हर तीसरा युवा ग्रसित है। जहां डेढ़ लाख से अधिक सरकारी पद खाली हैं, वहां न्यूनतम योग्यता वाले पदों के लिए भी ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट और पीएचडी धारक लाइन लगा कर खड़े हैं। डबल इंजन सरकार का मतलब बेरोजगारों पर 'डबल मार' है। राहुल ने कहा कि पहले तो भर्ती निकलना एक सपना है, भर्ती निकले तो पेपर लीक, पेपर हुआ तो नतीजे का पता नहीं और लंबे इंतजार के बाद रिजल्ट आने पर भी अक्सर भर्ती के लिये अदालत का चक्कर। सेना से लेकर रेलवे और शिक्षा से लेकर पुलिस तक की भर्तियों का सालों-साल इंतजार कर लाखों छात्र 'ओवरएज' हो चुके हैं। निराशा के इस चक्रव्यूह में फंसा छात्र अवसाद का शिकार होकर टूट रहा है।

**'कांग्रेस युवाओं की तपस्या को व्यर्थ नहीं जाने देगी'**

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि इन सब से व्यथित होकर जब वह अपनी मांगें लेकर सड़क पर निकले तो मिलती हैं उसे पुलिस की लाठियां। एक छात्र के लिए नौकरी सिर्फ आय का साधन नहीं, बल्कि अपने परिवार का जीवन बदल देने का सपना है।

## कांग्रेस ने मायावती को जोड़ने की तैयार की रणनीति



**प्रयागराज**

**उत्तर प्रदेश में कां**ग्रेस की कोशिश तमाम विपक्षी दलों को एक छतरी के नीचे लाने की हो रही है। कांग्रेस के उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने रविवार को कहा कि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया के दरवाजे खुले हैं। अब मायावती को तय करना है कि वह आगामी लोकसभा चुनाव भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ एकजुट होकर लड़ना चाहती हैं या अकेले अपने दम पर। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' खुले दिल से चाहता है कि बसपा भी इस गठबंधन का हिस्सा बने, लेकिन मायावती पहले ही घोषणा कर चुकी हैं कि वह लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेंगी। राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण माने जाने वाले राज्य उत्तर प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान अविनाश पांडे ने कहा कि कांग्रेस 'पूरे दिल से' समाजवादी पार्टी का समर्थन कर रही है। यूपी कांग्रेस प्रभारी ने विश्वास जताया कि लोकसभा चुनावों के लिए राज्य में सीट-बंटवारे पर जल्द ही गतिरोध को दूर कर समझौते को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-सपा गठबंधन उत्तर प्रदेश में उन छोटे दलों के साथ भी बातचीत कर रहा है, जो लोकसभा चुनाव में भाजपा से मुकाबला करने के लिए विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में शामिल होंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस महीने के अंत तक सभी मुद्दों को सुलझा लिया जाएगा। अविनाश पांडे ने कहा कि उनमें (छोटे दलों) में से कुछ बिना शर्त शामिल हो रहे हैं और कुछ दलों को कुछ उम्मीदें हैं।

## सीएम चंपाई ने खरगे से की मुलाकात

### कांग्रेस विधायकों की नाराजगी और लोकसभा चुनाव में सीट शेयरिंग पर चर्चा

**नई दिल्ली**

**झारखंड के मुख्यमंत्री** चंपाई सोरेन ने रविवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की। कांग्रेस अध्यक्ष के आवास पर दोनों नेताओं के बीच लोकसभा चुनाव में सीट शेयरिंग और कांग्रेस के नाराज विधायकों को लेकर चर्चा हुई। इससे पहले शीट शेयरिंग के मुद्दे को लेकर मुकुल वासनिक के आवास पर बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, कांग्रेस नेता मुकुल वासनिक, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी मौजूद थे। वही जेएमएम की ओर से विधायक सुदिव्य कुमार सोनू, जेएमएम के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य और विनोद पांडे मौजूद थे।



**लोकसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे पर हुई चर्चा**

बैठक के बाद कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले सीट शेयरिंग पर चर्चा की।

## एलजी ने किया श्रद्धानंद मार्ग और खान मार्केट में महिला पुलिस चौकियों का उद्घाटन

**नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस की तरफ से श्रद्धानंद मार्ग और खान मार्केट एरिया में दो महिला पुलिस चौकियां बनाई गई हैं। एलजी विनय कुमार सक्सेना ने रविवार को इनका उद्घाटन किया। इस दौरान एलजी के आलावा दिल्ली पुलिस कमिश्नर संजय अरोड़ा के साथ पुलिस के तमाम अधिकारी मौजूद रहे। एलजी ने इस कार्य को दिल्ली पुलिस के द्वारा किया गया अच्छा कदम बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली का रेड लाइट एरिया ऐसा एरिया है, जहां महिला किसी को भी अपनी बात नहीं बता सकती, लेकिन अब दिल्ली पुलिस के द्वारा इस चौकी को स्पेशल बनाया गया है। इसमें महिला इंचार्ज और महिला पुलिस कर्मी मौजूद रहेंगी।

## जम्मू-कश्मीर: पीएम मोदी देंगे 3161 करोड़ का तोहफा

### बढ़ाई सुरक्षा, कंगाल पाकिस्तान को लगी मिर्ची

**श्रीनगर**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी मंगलवार को जम्मू-कश्मीर जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी यहां 3,161 करोड़ रुपये की 209 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वह जम्मू के मौलाना आजाद स्टेडियम में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।। इसके साथ ही प्रधानमंत्री अपने इस केंद्र शासित प्रदेश के दौरे से आगामी लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव अभियान का भी आगाज करेंगे। दरअसल जम्मू-कश्मीर में लोकसभा की पांच सीटें हैं। इसमें वर्तमान में बीजेपी के पास दो सीटें हैं। अब पार्टी इस आंकड़े को बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। उधर, पीएम मोदी के दौरे से पहले कश्मीर में सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यहां बताया कि पुलिस और अर्द्धसैनिक बल शहर और उसके आसपास दर्जनों स्थानों पर वाहनों की जांच कर रहे हैं। एहतियात के तौर पर श्रीनगर में अलग-अलग स्थानों पर प्रवेश और निकास मार्गों पर विशेष जांच चौकियां स्थापित की गई हैं।



**मोदी की सभा में होगी 1 लाख की भीड़:**

जम्मू के एमए स्टेडियम में प्रधानमंत्री मोदी अपने दो घंटे के कार्यक्रम के दौरान 3,161 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसमें एक लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। हाल ही में एसटी दर्जा प्राप्त करने वाले पहाड़ी समुदाय में इस रैली में शामिल होने की उत्सुकता देखने को मिल रही है। पीएम मोदी युवाओं को नियुक्ति पत्र भी बांटेंगे। इसके बाद वो वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उनसे बात करेंगे। पीएम मोदी महत्वाकांक्षी जम्मू-श्रीनगर ट्रेन का आंशिक उद्घाटन करेंगे जो बनिहाल शहर से 48.5 किलोमीटर आगे की प्रतीकात्मक यात्रा करेगी। दरअसल प्रधानमंत्री मोदी सांबा जिले के विजयपुर शहर में एम्स, रियासी जिले में सबसे ऊंचा रेलवे पुल, देविका कायाकल्प परियोजना, शाहपुर कंडी परियोजना, आईआईएम जम्मू, जम्मू और कश्मीर दोनों डिवीजनों में कई प्रमुख सड़कें और परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

**124 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास**

पीएम मोदी जम्मू-कश्मीर में 124 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इनमें 2210 कनाल को कवर करने वाले नौ औद्योगिक एस्टेट, 62 सड़क परियोजनाओं और 42 पुलों का निर्माण और उन्नयन, घाटी के अनंतनाग, कुलगाम, कुपवाड़ा, शोपियां और पुलवामा जिलों में नौ स्थानों पर कश्मीरी प्रवासियों के लिए 2816 फ्लैट, ट्रांसपोर्ट नगर का अपग्रेडेशन शामिल है। श्रीनगर में परिम्पोरा और जम्मू स्मार्ट सिटी के लिए एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र के लिए डेटा सेंटर/आपदा रिकवरी केंद्र शामिल है।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर में रोगियों को बांटी गई दवाइयां एवं चश्मा

**चैरिटेबल फाउंडेशन एवं रस्तोगी नर्सिंग होम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**अखंड भारत संदेश**





**प्रयागराज।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी डा संगम मिश्र चैरिटेबल फाउंडेशन एवं रस्तोगी नर्सिंग होम जसरा के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को निःशुल्क नेत्र परीक्षण दवा एवं चश्मा वितरण शिविर जसरा ब्लाक के सामने स्थित रस्तोगी नर्सिंग होम में आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य एवं निदेशक मनोहर दास क्षेत्रीय नेत्र संस्थान प्रोफेसर(डॉ) एसपी सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस नेत्र शिविर में हजारों लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई एवं दवा तथा चश्मा वितरण का लाभ उठाया। वरिष्ठ सर्जन डॉ संतोष सिंह ने बताया कि शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता, शिक्षाविद एवं समाजसेवी तथा भारतवर्ष में फैले शिक्षा के केंद्र सेंट्रल एकेडमी के चेयरमैन डॉ संगम मिश्र उपस्थित रहे। शिविर के उद्घाटन अवसर पर नाक कान गला सर्जन वरिष्ठ डॉ राम सिया सिंह के द्वारा अंग वस्त्रम पहनाकर मुख्य अतिथि डॉ संगम मिश्र एवं शिविर के मार्गदर्शक प्रधानाचार्य डॉ एस.पी. सिंह का स्वागत किया गया। शिविर का संयोजन सेंट्रल अकैडमी झूंसी के डायरेक्टर डॉ एस.के. तिवारी एवं वि.हि.प. के प्रान्त संस्कृत प्रमुख काशी क्षेत्र शंकर देव त्रिपाठी के द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर बोलते हुए मुख्य अतिथि डॉ संगम मिश्र ने आमजन के लिए लगाए गए इस शिविर की सराहना करते हुए चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में डॉ संगम मिश्र चैरिटेबल फाउंडेशन के द्वारा किए गए कार्यों का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि यमुना पार के क्षेत्र में लाखों असहाय एवं गरीबों के लिए कंबल वितरण से लेकर विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन विगत कुछ महीनो में किया गया है। उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और चिकित्सकों से बड़ा कोई समाजसेवी नहीं हो सकता है जिसके पास नर सेवा का हर कदम पर ईश्वरीय प्रदत्त मौका रहता है। डॉक्टर संगम मिश्र ने कहा रस्तोगी नर्सिंग होम जसरा में आज प्रदेश के और कई प्रतिष्ठित डॉक्टर आए हुए हैं। डॉक्टर मिश्रा ने कहा भविष्य में रस्तोगी नर्सिंग होम में देश की उच्च कोर्ट की स्वास्थ्य व्यवस्था लोगों को उपलब्ध रहेगी। भविष्य में इसी प्रकार के स्वास्थ्य मेले एवं नेत्र परीक्षण,चश्मा वितरण का कार्यक्रम मेरे द्वारा लगातार यमुनापार में किया जाएगा। साथ ही साथ होने वाले सभी स्वास्थ्य मेलों में डॉ संतोष सिंह हम लोगों का सहयोग करेंगे इस प्रकार की आकांक्षा रखता हूं। यमुनापार से आए हुए हजारों लोगों को संबोधित करते हुए डॉ संगम मिश्र ने कहा कोई परेशानी हो,शादी हो, विवाह हो,दुख-सुख हो, आप हमें एक फोन करिएगा हम सदैव आपकी सेवा में उपस्थित रहेंगे।डॉ एस.पी.सिंह ने कहा कि मनोहर दास क्षेत्रीय नेत्र संस्थान में विगत कई वर्षों से लाखों लोगों को नेत्र ज्योति देने का काम किया गया है एवं अनवरत किया जा रहा है उन्होंने बताया कि कॉर्निया ट्रांसप्लांट के जरिए नेत्रदान को प्रमोट करके अंधता से ग्रसित मरीजों को नवज्योति दी जा रही है शिविर के आयोजकों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से इसे क्षेत्र की जनता को लाभ मिलेगा और विशेषज्ञ चिकित्सकों के परामर्श से उनके नेत्र से संबंधित समस्या का समाधान होगा। इस मौके पर डॉ डी के सिंह,डॉ सत्येंद्र सिंह, डॉ अहमद,डॉ श्वेता वर्मा, डॉ संजय सिंह,डॉ केपी सिंह, सुनील सिंह, प्रवीण सिंह, ज्ञान पटेल,सुभाष यादव,राजू पाठक, गिरिजा दुबे, श्यामधर पटेल राजू यादव, भोलानाथ शुक्ल, राजा बाबू पाठक,विजय सिंह,दिलीप शुक्ला, भगवान दास कुशवाहा, वरिष्ठ पत्रकार आदि क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

# पुलिस भर्ती परीक्षा खत्म होते ही ट्रेनों-बसों में उमड़ी भीड़

**प्रयागराज।** यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा दूसरे दिन भी दो शिफ्टों में हुई। इसके लिए 75 जिलों के 2385 सेंटर बनाए गए थे। पहले दिन की बजाय दूसरे दिन ज्यादा सख्ती रही। मथुरा में परीक्षा केंद्र पर लड़कियों की चूड़ी और अंगूठी तक उतरवा दी गई। लखनऊ में दूल्हा और महिला प्रधान भी परीक्षा देने पहुंचीं। झांसी में सेंटर के बाहर ही जूते उतरवा दिए गए। शनिवार शाम को कानपुर सेंट्रल में अभ्यर्थी की इतनी भीड़ हुई कि वहां पैर रखना मुश्किल हो गया। जगह नहीं मिली, तो कई अभ्यर्थी स्टेशन की सीढ़ी पर बैठे-बैठे ही सो गए। वहीं, सिपाही भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन चारबाग रेलवे स्टेशन पर काफी भीड़ रही। हालांकि पहले दिन की तुलना में रेलवे ने दूसरे दिन अपनी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली थी। रात करीब 8:30 तक पटना के लिए तीन स्पेशल ट्रेन चला दी गई। इसकी वजह से बिहार से आए ज्यादातर अभ्यर्थियों को स्टेशन पर रुकना नहीं पड़ा और वह इन ट्रेनों से ही अपने-अपने गंतव्य को निकल गए। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कानपुर स्टेशन पर उमड़ी भीड़ की फोटो पोस्ट करके यूपी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार मतलब बेरोजगारों पर डबल मार...आज बेरोजगारी की बीमारी से यूपी का हर तीसरा युवा ग्रसित है।रविवार को भी दो शिफ्ट में एग्जाम हुए। पहली शिफ्ट 12 बजे खत्म हुई, जबकि दूसरी 5 बजे तक चली। वहीं, परीक्षा खत्म होने के बाद परीक्षार्थी अपने घर लौटने लगे। इसके चलते लखनऊ के चारबाग में काफी देर तक लंबा जाम लगा रहा।इसके साथ ही रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर पर टिकट लेने के लिए लंबी लाइन लगी रही। बसों में छात्र लटके दिखे, तो ट्रेन में इतनी भीड़ हो गई कि छात्रों को टॉयलेट में खड़े होकर सफर करना पड़ा। इससे पहले शनिवार को 43 जिलों से 122 सॉल्वर और नकलची को एसटीएफ और पुलिस ने अरेस्ट किया था। दोनों दिन में कुल मिलाकर 244 सॉल्वर पकड़े गए हैं।

# श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्म व लीला का हुआ वर्णन



**मेजा।** जन कल्याण हेतु क्षेत्र के भटौती गांव में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञान कथा में क्षेत्रीय श्रोता श्रोताओं की भारी भीड़ जुट रही है। कथा व्यास आचार्य हरिहर महाराज ने कथा के चौथे दिन रविवार को कृष्ण जन्मोत्सव व उनकी लीला का विस्तार से वर्णन किया । उन्होंने कहा कि कृष्ण जन्म की लीला जीव रूपी वासुदेव को जब परमात्मा रूपी कृष्ण को पा लेता है ,तो जगत रूपी कंस के जेल के सारे बंधन टूट जाते हैं।भव सिंधु रूपी यमुना से जीव पार हो जाता है। कृष्ण को छोड़कर जब जीव माया को अपना लेता है। तो भव सिंधु के अंदर आते हुए पुनः सारे बंधनों में पड़ जाता है। समस्त मानव मन को हरी शरण लेना चाहिए। भारत की महिमा में वृद्धि हो, क्योंकि जीव का एकमात्र ईश्वर ही परम हितैषी है। कृष्ण जन्म महोत्सव पर खूब बधाइयां बजी। यशोदा में जन्मे कन्हाई, नंद के घर आनंद भयो से पूरा मंडप गुंजायमान हो गया। वहीं महिलाओं की ओर से मांगलिक सोहर गीतों की भी प्रस्तुतियां हुई। बाल कृष्ण भगवान की कलाकारों की ओर से सुंदर झांकी भी प्रस्तुत की गयी। कथा के मुख्य श्रोता सभाकांत दुबे व नगेत्रा देवी की ओर से कथा व्यास अचार्य हरिहर जी महाराज सहित पूज्य कुलगुरु व पुरोहित के अलावा आचार्य लोगों का माल्यार्पण करके अभिनंदन भी किया गया । आयोजक राम निहोर दुबे व संयोजक जगजीवन प्रसाद दुबे तथा व्यवस्थापक अरुण कुमार दुबे की ओर से सभी के प्रति आभार जताया गया।

# मां शीतला कृपा महोत्सव में बागेश्वर बाबा के न आने से श्रद्धालुओं में छाई मायूसी



**मेजा।** तहसील क्षेत्र के विकास खंड उरुवा अंतर्गत स्थित कुंवरपट्टी ग्राम सभा में माँ शीतला कृपा महोत्सव का आगाज शनिवार 17 फरवरी से हो गया है। 19 फरवरी को बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं.श्री धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज जी का महोत्सव में आगमन होना पूर्व निर्धारित था। कार्यक्रम में उनके आशीर्वचन और दर्शन को लेकर लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ होना स्वाभाविक था। जिसको लेकर सुरक्षा और शांति व्यवस्था भी महत्वपूर्ण विषय था लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में प्रयागराज में माघ मेला और पुलिस भर्ती परीक्षा के कारण स्थानीय पुलिस को इस बड़े कार्यक्रम में सुरक्षा मुहैया कराना काफी मुश्किल हो गया था।इधर महाराज जी की लोकप्रियता के मद्देनजर कार्यक्रम में उनकी तथा उनके लाखों भक्तों की भीड़ को सुरक्षा दे पाना पुलिस के लिए काफी सरदर्दी एवं मुश्किल भरा काम प्रतीत हो रहा था। जिसके कारण पं.धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को निरस्त किया गया है। गौरतलब है कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का कार्यक्रम पोस्टपांड होने से जहां बाबा के लाखों अनुवाइयों में भारी मायूसी देखने को मिली वहीं पर की अपेक्षा में इस बार मां शीतला कृपा महोत्सव कार्यक्रम काफी फीका होना स्वाभाविक प्रतीत हो रहा है।

# पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज संगठन का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

**जिला व तहसील इकाई के नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ**



**जसरा।** पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज यू पी संगठन की जिला प्रयागराज व तहसील इकाई बारा के पदाधिकारियों ने भव्य कार्यक्रम के तहत पद और गोपनीयता की शपथ ली।प्रयागराज जिलाध्यक्ष सुभाष शुक्ल,तहसील इकाई बारा तहसील अध्यक्ष रबिन्द्र तिवारी ने अपने अपने पदाधिकारियों व सदस्यों संग पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बारा विधायक डॉ वाचस्पति व बिशिष्ट अतिथि डॉ बिनोद तिवारी रहे। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर सर्व प्रथम माँ सरस्वती को माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि बारा बिधायक ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में हास्य कवियों ने अपनी अपनी कविताओं से सब को हसा हसा कर लोट पोट कर दिया।अशोक बेसरम ने तो एक से एक कविता सुनाई,वही मुराद भी हास्य कविता का आगाज किया।जितेंद्र जलाज,सन्तोष शुक्ला समर्थ भी कविताओ की झड़ी लगा दी।इनके कविताओं पर पत्रकारों की लगातार तालियों की गड़गड़ाहट बनी रही। इस शमारोह प्रदेश संरक्षक कमलाकर सिंह,प्रदेश चयन समिति संयोजक अशोक पाठक,प्रदेश अध्यक्ष पी सी पाण्डेय,संगठन मंत्री ज्ञानेंद्र पाठक,प्रदेश उपाध्यक्ष, आनंद जायसवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी, सोनू भटनागर,जिला अध्यक्ष सुभाष शुक्ल,जिला महासचिव सुमन्त भार्गव,आशीष मिश्रा,आलोक पाठक,नीरज केसरवानी, राकेश कुशवाहा, राकेश मिश्रा,आसुतोष त्रिपाठी, इंद्रजीत मिश्र,महेश त्रिपाठी, मयंक शुक्ला,नईम अहमद, धीरेन्द्र शुक्ल, सुधांशु मिश्र, गोपालू शुक्ला, भगवान दास केसरी,फिरोज खान प्रमोद बाबू झा के साथ साथ क्षेत्र के सम्मानित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नीतेश के आवास पर युवाओं ने दी बधाई

**मेजा।** समाजवादी पार्टी के फ्रंटल संगठन समाजवादी युवजनसभा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नितेश तिवारी को समूचे यमुनापार की युवाओं की फौज ने बधाई दिया है। सयुस के अध्यक्ष बनने पर बीते एक सप्ताह से यमुनापार के नवजवानों ने नीतेश तिवारी के लखनपुर स्तिथ आवास पर बधाई दिया है।बता दें की सयुस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष नितेश तिवारी युवाओं में बेहद लोकप्रिय हैं तथा पार्टी की जिम्मदारी के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ साथ आम नवजवानों में जोश और उर्जा है। नई जिम्मेदारी मिलने के बाद नीतेश तिवारी के कहा कि पार्टी ने मुझ जैसे सामान्य परिवार से निकले कार्यकर्ता को जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाउंगा। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से मूलचंद्र कुशवाहा,अनिकेश विश्वकर्मा,अमन कुमार,अभिषेक सोनकर,आकाश मिश्रा,हबीब अहमद,दिवाकर यादव,शिवा यादव, नीरजेश बिंद, ऋषांशु यादव,विपिन पांडेय आदि के अलावा कई अन्य लोग प्रमुंख रूप से मौजूद रहे।

# शिविर में भव्य कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह संपन्न हुआ





**नैनी।** नैनी अरैल माघ मेला सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान के शिविर में शनिवार को भव्य कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह संस्था के अध्यक्ष संतोष तिवारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजक प्रबंधक सचिव कुंवर जी तिवारी के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम सह आयोजक प्रभाकर तिवारी एवं संयोजक कवि अजय प्रेमी के नेतृत्व में कवि ठाकुर इलाहाबादी, बिहारी लाल अम्बर, बिपिन बिहारी त्रिपाठी, धनंजय शास्वत, अमित आभाष, अभिजीत मिश्रा ने अपनी कविताओं से समां बांध दिया। मुख्य अतिथि में संकर्षण शरण जी

**लोगों का सम्मान करना हमारी पहली प्राथमिकता है : कुंवर जी तिवारी**

महाराज, अरैल थाना प्रभारी रवींद्र कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथियों में सेक्टर पर्यवेक्षक सत्यनारायण पाल, गंगाभक्त पवन द्विवेदी, वरिष्ठ उपनिरीक्षक संतोष कुमार यादव, जल निगम जेई अभिषेक चौबे, राम मिलन यादव, ट्यूबबेल आपरेटर अजय कुमार तिवारी, जल निगम ठेकेदार पंकज कुमार तिवारी, एस. आई. देवेन्द्र कुमार दुबे, बिजली विभाग कांट्रैक्टर मूलचंद एवं सभी स्वच्छता कर्मियों को संस्था के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में मनीष पांडेय, सुनील मिश्रा, धीरज यादव, सहदेव चौरसिया, सुनील कुशवाहा, ऋषि दीक्षित, धीरज राजवानी, राजकुमार विश्वकर्मा,डां संगम लाल विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा, प्रेम चंद्र प्रजापति,विवेक श्रीवास्तव, विनोद गुरानी,आकाश जायसवाल, बालकृष्ण मिश्रा, आत्म प्रकाश यादव, संदीप केसरवानी,दीपक गोस्वामी, विनोद शर्मा, अभिषेक यादव, सौरभ यादव, शनि यादव, उज्जवल यादव, आर्यन यादव, गौरव यादव, तुलसी तिवारी, कार्तिकेय तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### जनपद प्रयागराज में परिषदीय अध्यापक को पुलिस भर्ती परीक्षा के अंतरीक्षक हेतु नही मिला मानदेय

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा पुलिस आरक्षी परीक्षा दो दिवसों में शनिवार व रविवार को जनपद के हजारों परीक्षा केंद्रों पर चार पालियों में आयोजित किए गए। इस हेतु जनपद के सैकड़ों अध्यापकों को कक्ष निरीक्षक के रूप में लगाया गया था। दो दिनों में चार पालियों में ड्यूटी करने के बाद मानदेय नहीं दिया गया जिससे कक्ष निरीक्षकों में काफी रोष है। चुकी इनलोगो की ड्यूटी शहर से 60 से 80 किलोमीटर दूर के केंद्रों पर भेज दिया गया था। केंद्रों के प्रभारियों ने भी मानदेय के विषय में बताने में असमर्थता व्यक्त किया। इसी क्रम में धनूपुर के 25 अध्यापक केडी पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज नीमी थारिया में लगाए गए थे इनलोगो को मानदेय नहीं मिला इस संदर्भ में प्राथमिक शिक्षक संघ धनूपूर के ब्लॉक अध्यक्ष अफरोज अहमद ने जिला विद्यालय निरीक्षक को मानदेय न मिलने पर टेलीफोनिक वार्ता किया तब उन्होंने कहा कि मांग पत्र परीक्षा केंद्रों से मंगा कर भेजा जाएगा मानदेय मिलते ही वितरित करा दिया जाएगा।

### मार पीट में कई घायल एक दर्जन से अधिक पर मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मामूली बात को लेकर मार पीट में कई को चोटें आयी है। पुलिस ने एक दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बांकाजलालपुर निवासी नन्हें लाल उर्फ राज बहादुर पुत्र कल्लू का आरोप है कि मामूली बात को लेकर उसके परिजनों को एक राय हो कर मारा पीटा गया। नन्हें लाल उर्फ राज बहादुर ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर नीलम, कविता, सीता, अंकिता, रेशमा देवी, राजेश, रिंकू,पिंटू,राम कैलाश, रमेश सिंह,,सूरज पटेल,राम बहादुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### पुलिस परीक्षा के दौरान एक मुन्ना भाई धराया

**मऊआइमा।** मऊआइमा में पुलिस की परीक्षा में दूसरे के स्थान पर परीक्षा दे रहे एक मुन्ना भाई को कक्ष निरीक्षक ने दबोचकर पुलिस के हवाले कर दिया।प्रधानाचार्य ने मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चकश्याम उर्फ पूरे हिंचा में स्थित भोलानाथ रामसुख में रविवार को प्रथम पाली की परीक्षा के दौरान कक्ष निरीक्षक ने एक युवक को संदेह के आधार पर दबोचकर पुलिस को सौंप दिया। बताया गया है कि सुरेंद्र कुमार पुत्र धर्मराज के स्थान पर परीक्षा दे रहे। संजीव कमल पांडेय पुत्र देवा नन्द पांडेय ग्राम नन्हूपुर थाना पडरी जिला मिजार्पुर को धर दबोचकर कर मौजूद पुलिस को सौंप दिया गया। केन्द्र व्यवस्थापक प्रधानाचार्य वीरेंद्र बहादुर सिंह ने मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा पुलिस का कहना है कि पकडे गए मुन्ना भाई से पूछ ताछ की जा रही है।

### मामूली खरोंच पर छात्रों को पैसों के लिए बंधक बना कर पिटाई की गई

**मऊआइमा।** इंटरमीडिएट की परीक्षा केन्द्र देखने आए बाइक से दो छात्रों की बाइक कार में मामूली खरोंच आने पर छात्रों को बंधक बना कर पैसा मांगा गया न देने पर मारा पीटा गया। पुलिस ने बंधक से मुक्त कराया।दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। बहरिया थाना क्षेत्र के ग्राम करकटेपुर निवासी अनुराग और सुभम मऊआइमा के घीनपुर स्थित इंटर का परीक्षण केंद्र देखने के लिए आए थे। बताया गया है कि छात्रों की बाइक कार में छू जाने पर अनुराग और सुभम को मार पीट कर बंधक बना कर पैसा मांगा जाने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों छात्रों को मुक्त करा कर एक छात्र के पिता दया राम यादव पुत्र जंग बहादुर की तहरीर पर मऊआइमा पुलिस ने पवन कुमार यादव और घंटे सरोज दोनों निवासीगण सराय जोधराय के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश में पुलिस जुट गई है।

# धूमधाम से मनाया गया सेंट्रल एकेडमी में वार्षिकोत्सव





**झूँसी।** आवास विकास कॉलोनी स्थित सेंटल एकेडमी स्कूल का उन्नीसवां वार्षिकोत्सव 'स्पंदन' रविवार को उल्लास के साथ मनाया गया। समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि जगतगुरु श्री श्रीधराचार्य जी महाराज व विशिष्ट अतिथि आरएएफ के डिप्टी कमांडेंट ब्रजेश दुबे, विद्यालय समूह के चेयरमैन डॉ संगम मिश्र के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर के किया। समारोह में महाकवि निराला द्वारा रचित सरस्वती वंदना पर आधरित नृत्य नाटिका के द्वारा सरस्वती की आराधना की गयी। राम कथा पर आधारित कार्यक्रमों ने लोगों को उत्साह से भर दिया। सोशल मीडिया के नुकसान को लेकर प्रस्तुत किये गए नाटक ने लोगों को जागरूक करने का काम किया। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। इस अवसर पर समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री श्रीधराचार्य महाराज ने विद्यार्थियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्कारों से ही संस्कृति का निर्माण होता है। विद्यालय के निदेशक एसके तिवारी ने छात्र-छात्राओं का आह्वान किया कि वे राष्ट्र की उन्नति के लिए भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य एके पाण्डेय, शिवांक, निधि, सृष्टि, प्रखर, आयुष्मान, ऋचा त्रिपाठी, दीप्ति मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# 10 दिन से यमुनागर के कई इलाकों में जिओ का नेटवर्क ध्वस्त,मोबाइल बना डब्बा



**जारी।** प्रयागराज : 10 दिनों से यमुनानगर भी प्रभावित हो रहा है कई इलाकों में जिओ का नेटवर्क बुरी तरह से ध्वस्त हो गया है 4ऋ और 5ऋ की स्पीड 2ऋ के बराबर हो गई है लोगों के हाथों में मोबाइल डब्बा बनकर रह गया है मोबाइल पर रोज अपडेट होने वाली खबरें और व्हाट्सएप पर लोग बात नहीं कर पा रहे हैं 10 दिनों से बंद नेटवर्क की वजह से लोगों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है गौहनिया, जारी, गढ़ैया, खुर्द, मैदा नारीबारी जैसे और तमाम इलाकों में जिओ का नेटवर्क बंद होने से लोग परेशान हो रहे है टोल फ्री पर लोगों ने शिकायत दर्ज की लेकिन 10 दिन के बाद भी समस्या जस की तस बनी रही अब लोगों का नेटवर्क आने का इंतजार करना पड़ रहा है । वहीं कुछ लोग दूसरी कंपनी की ओर भाग रहे हैं।

# राहुल की एक झलक पाने को उमड़ी भीड़...

## स्वराज भवन से राहुल गाँधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** दिन के दो बजकर 50 मिनट स्वराज भवन का पूरा चौराहा राहुल गाँधी के ह्यभारत जोड़ो न्याय यात्राह्ल के बैनर पोस्टर से पटा हुआ है। युवाओं की भारी भीड़ से चौराहा जाम है। बड़ी मुश्किल से वाहन निकल पा रहे हैं। उसी चौराहे के एक किनारे खुली जिप्सी में न्याय यात्रा के स्लोगन के साथ महात्मा गाँधी और राहुल गाँधी फोटो वाले कैलेण्डर लेने के लिए लोगों की भीड़ है। कुछ देर बाद कैलेण्डर बाँट रहे इम्तियाज बताते है कि हजारो कलैण्डर बट कर अब खत्म हो चुका है। दूसरी ओर कई गाड़ियों पर देश भक्ति गीत, ह्यमेरे देश कि धरती सोना उगले हीरे मोती, ह्यबोलो साथ हमारे कौन चलेगाह्ल आदि जोशीले गीत बज रहें है। सोशल मीडिया से लेकर टीवी और प्रिंट मिडिया के लोग भी स्वराज भवन से लेकर कर्नलगंज थाने तक टहलते रहें। तमाम मीडियाकर्मी राहुल गाँधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बारे में लोगों से अपने ढंग से बात भी करते रहे। कई कांग्रेसी नेता व पदाधिकारी अपने कार्यकताओं संग रैली की शक्ल में स्वराज भवन गेट पर आकर अपना शक्ति प्रदर्शन भी कर रहें है। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत भारी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद है। यहाँ पर पहले से ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष लल्लू लाल यात्रा के बारे में निरंतर जायजा ले रहें है। 3:35 बजे शहर कांग्रेस कमेटी का जूलूस स्वराज भवन पहुंचता है। एनएसयूआई सहित पार्टी से जुड़े कई कमेटी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भारत जोड़ो से संबधित टी-शर्ट पहने और हाथों में झंडा व पोस्टर लिए अपने नेता राहुल गांधी का इन्तजार कर रहें है। एक कांग्रेसी कार्यकर्ता जय जवान जय किसान की स्मृति चिन्ह सिर पर लेकर घूम रहा था। लोगों की निगाह स्वराज भवन की ओर लगी है जहां से राहुल गांधी को निकल कर यात्रा शुरू करनी है। 4 बजे स्वराज भवन से पूर्व कांग्रेंस अध्यक्ष व वायनाड से सांसद राहुल गॉधी खुली जिप्सी में सवार होकर भारत जोड़ो न्याय यात्रा आरंभ करते हैं। सफेद टी-शर्ट व काली पैंट पहने राहुल गॉधी को देखने के लिये सड़क के दोनों ओर लोगों की भारी भीड़ खड़ी है। कांग्रेस नेता राहुल गॉधी की एक झलक पाने, हाथ मिलाने के साथ-साथ सेल्फी लेने वाले युवा उनके वाहन की ओर लपकते हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था में लगी पुलिस व एसपीजी के जवान उन्हें पास आने से रोक दे रहे थे। जीप के आगे रस्सी का घेरा बनाकर चल रहे जवानों को भीड़ हटाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही थी। कुछ युवा राहुल से हाथ भी मिला रहे थे। वहीं राहुल गॉधी चिरपरिचित अंदाज में हाथ हिलाकर फ्लाइंग किस देने के साथ हाथ जोड़कर शहरियों का अभिवादन स्वीकार कर रहे थे। स्वराज भवन से निकल कर यात्रा आगे बढ़ती है। पुलिस फोर्स के साथ-साथ दर्जनों वाहनों का काफिला नेतराम चौराहे से होते हुये लक्ष्मी टॉकीज चौराहे पहुॅचती है, जहां पर राहुल गॉधी तकरीबन 20 मिनट अपनी बात कह कर अगले पड़ाव की ओर बढ़ जाते हैं।

# गोली मारने के आरोपी पिता पुत्र को पुलिस ने पकड़ा

**प्रयागराज।** कीडगंज पुलिस ने ई रिक्शा पर बैठाने के विवाद में गोली मारने के आरोपी पूरावल्दी निवासी मुन्ना गुप्ता उर्फ दिलीप और उसके बेटों मोनू उर्फ करन तथा सोनू उर्फ मनीष को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने रविवार दोपहर उन्हें पुराने यमुना पुल के पास से घेरेबंदी कर पकड़ा। खलासी लाइन निवासी शंकरलाल शनिवार दोपहर ई रिक्शा लेकर निकला तो बीच वाली सड़क पर मुन्ना गुप्ता से विवाद हो गया था। कहासुनी के बाद दोनों पक्ष ईंट-पत्थर चलाने लगे। किसी तरह लोगों ने मामला शांत कराया। आरोप है कि कुछ देर बाद मुन्ना और उसके बेटे मोनू, सोनू व अन्य लोग आए और तमंचे से फायर कर दिया। इसमें गोली लगने से शंकर लाल रिश्तेदार रंजीत जख्मी हो गया। उसका एसआरएन में इलाज चल रहा है। बीचबचाव करने पहुंचा एक अन्य युवक छर्रा लगने से मामूली रूप से जख्मी हुआ था। शंकर लाल की तहरीर पर कीडगंज पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी थी। रविवार दोपहर चौकी प्रभारी बाबूराम, एसआई राजू कृष्ण ने पुलिस टीम के साथ घेरेबंदी कर तीनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पुरानी रंजिश में मारपीट, फायरिंग

**झूंसी।** स्थानीय थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर रविवार को दो पक्षो में विवाद हो गया। इस दौरान फायरिंग भी की गई। दोनों पक्षों ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नई झूंसी निवासी राम प्रकाश उर्फ विक्की व राजेन्द्र विश्वकर्मा का आपस मे विवाद चल रहा है। उसी के चलते रविवार की शाम गरापुर रोड़ स्थित एक मार्केट में दोनों आमने सामने आ गए और दोनों में विवाद हो गया। गालीगलौज के साथ मारपीट शुरू हो गई आरोप है कि एक पक्ष में जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। जिससे मौके पर हड़कंप मच गया।

# यज्ञ ग्लोबल वॉर्मिंग को रोकने का एक ससक्त माध्यम है

### पंच दिवसीय जय स्वर्वेद कथा एवं 2100 कुंडीय वैदिक यज्ञानुष्ठान हुआ सम्पन्न





**झूंसी।** पंच दिवसीय 2100 कुंडीय वैदिक यज्ञानुष्ठान के पूणाहुति दिवस पर रविवार को उपस्थित यज्ञानुरागिओं को यज्ञ की महत्ता बताते हुए संत प्रवर विज्ञान देव महाराज ने कहा कि यज्ञ श्रेष्ठतम शुभ कर्म है। यज्ञ का अर्थ है त्याग भाव। अग्नि की ज्वाला सदैव ऊपर की ओर उठती है। अग्नि को बुझा सकते हैं, नीचे झुका नहीं सकते। वैसे ही हमारा जीवन भी ऊर्ध्वगामी हो, श्रेष्ठ और पवित्र पथ पर, कल्याणकारी पथ पर निरंतर गतिशील रहे। हमारे अंतःकरण में ज्ञान की अग्नि जलती रहे, शरीर में कर्म की अग्नि, इन्द्रियों में तप की अग्नि जलती रहे। श्रेष्ठ विचारों की, सद्विचारों की अग्नि प्रज्ज्वलित रहे। अशुभ नष्ट होता रहे। यज्ञ की अग्नि यही संदेश देती है।

उन्होंने कहा कि ग्लोबल वॉर्मिंग को रोकने का एक ससक्त माध्यम है यज्ञ। इस पर सभी पर्यावरण चिंतको का ध्यान अवश्य होना चाहिए। प्राचीन काल मे ऋषि आश्रमों में प्रत्येक दिन यज्ञ की परंपरा थी। आज के समय मे पहले से ज्यादा आवश्यक एवं अनिवार्य हो गया है। यज्ञ एवं योग के सामंजस्य से ही विश्व में शांति स्थापित की जा सकती है। वही सद्गुरु आचार्य स्वतंत्र देव महाराज ने अमृतवाणी के दौरान कहा कि आज योग एक विश्व विश्रुत शब्द तो बन गया है लेकिन इसे केवल आसन और प्राणायाम की परिधि में ही आबद्ध किया जा रहा है। इसके मूल स्वरूप आत्मज्ञान व परमात्मज्ञान की आंतरिक साधना की प्रक्रिया गौण होती जा रही है। कार्यक्रम का समापन वंदना, आरती एवं शांति पाठ के द्वारा किया गया।

## विधायक प्रतिनिधि के कार से उड़ाया नोटों का बैग

**प्रयागराज।** कीडगंज में नए पुल पर क्रासिंग के पास शातिर उचक्कों ने विधायक प्रतिनिधि और भाजपा नेता उमेश शुक्ला की कार से 1.17 लाख रुपये, चेकबुक और अन्य जरूरी कागजात से भरा बैग उड़ा दिया। उचक्कों ने कार का पंक्चर टायर बदलते समय वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए। कीडगंज पुलिस तहरीर पर केस दर्ज कर जांच कर रही है। कर्नलगंज में म्योर रोड निवासी उमेश शुक्ला अपनी कार से नए यमुना पुल पर क्रासिंग के पहुंचे। तभी उनकी कार का टायर पंक्चर हो गया। वह टायर बदलने लगे और दरवाजा लॉक नहीं किया। इसी दौरान शातिरों ने उनका नकदी से १ बैग उड़ा दिया। इसमें बुलट खरीदने के लिए रखे गए 1.17 लाख नकद रुपये, लैटर पैड समेत अन्य जरूरी कागजात थे। टायर बदलने के बाद उनकी नजर पीछे की सीट पर रखे बैग पर गई तो देखा कि गायब है। उमेश शुक्ला ने मामले की तहरीर कीडगंज पुलिस को दी। पुलिस आसपास ल ऐप पर पढ़ें सीसीटीवी कैमरों की मदद से शातिरों की तलाश में जुटी है।




# नैनी नए यमुना पुल पुराना पुल में भयंकर जाम लग रहा

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी शहर से आने जाने वाले दिन भर परेशान हुए। नए यमुना पुल पुराना पुल में दोपहर में परीक्षा समाप्त होने के बाद भयंकर जाम लग गया। यमुनापार से शहर आने वाले दस मिनट की जगह दो घंटे में भी नहीं पहुंच सके। जाम के कारण नए यमुना पुल, पुराना पुल, लेप्रोसी, अरैल मोड़ चौराहा, सरगम समेत कई इलाकों में घंटों राहगीर फंसे रहे। गाड़ियां दोपहर से शाम तक रेंगती रही। सिपाही भर्ती परीक्षा के प्रथम पाली में समाप्त होते ही रविवार दोपहर नैनी से लेकर शहर तक भीषण जाम लग गया। हर सड़क पर गाड़ियों की लम्बी कतारें लगी रहीं। गाड़ियां इस तरह से रेंग रही थीं कि पांच मिनट का सफर पूरा करने में एक घंटे से अधिक समय लगा। कार और ऑटो से जाने वाले जाम में फंसे रहे। दूसरे राज्यों से आये अभ्यर्थी जाम में फंसने के बाद गूगल पर देखते रहे कि जाम कब खत्म होगा लेकिन ऑनलाइन भी जाम से निजात नजर नहीं आ रही थी।

# नैनी छिवकी जंक्शन जीआरपी पुलिस ने कछुआ तस्कर को किया गिरफ्तार





**नैनी।** नैनी छिवकी जंक्शन पर रविवार को जीआरपी पुलिस ने कछुआ तस्कर को किया गिरफ्तार एक महिला और एक पुरुष को पकड़ा है। इनके पास से 204 कछुओं को बरामद किया गया है, जिन्हें तस्करी कर कोलकाता ले जाया जा रहा था। इन बेशकीमती कछुओं को फाफामऊ इलाके से पकड़ा गया था और उन्हें कोलकाता बेचने के लिए ले जाया जा रहा था। लेकिन उनको छिवकी में पकड़ लिया गया। पुलिस अधीक्षक रेलवे प्रयागराज अष्टभुजा प्रसाद सिंह द्वारा स्टेशन, सकुर्लेटिंग एरिया एवं ट्रेनो में बढ़ती चोरी की घटनाओं की रोकथाम एवं अपराधियों की

**कोलकता ले जाये जा रहे बेशकीमती कछुए बरामद तस्करी में महिला समेत दो गिरफ्तार**

गिरफ्तारी व बरामदगी, अवैध तस्करी के मद्देनजर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत क्षेत्राधिकारी रेलवे सुनीता सिंह के पर्यवेक्षण मे नैनी छिवकी जीआरपी चौकी प्रभारी राजीव कुमार सिह ने टीम के साथ रेलवे स्टेशन छिवकी के प्लेटफार्म संख्या दो के हावड़ा की ओर अंतिम छोर के पास गश्त पर थे। उसी दौरान एक महिला और एक पुरुष बोरों में कुछ ले जाते दिखाई पड़े। शक होने पर बोरे को खुलवाकर देखा गया तो उसमे कछुए भरे थे। इस पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम सन्दीप कुमार पुत्र कल्लू एवं कुसुम पत्नी अजय निवासी महेभुआ दुगार्पुर थाना कोतवाली देहात, जिला सुल्तानपुर बताया। जीआरपी के अनुसार उनके कब्जे से 10 बोरे मे कुल 204 अदद वन्य जीव कछुआ बरामद हुआ। उन्हें वन विभाग के अधिका रियों को सुपुर्द किया गया। बताया जाता है कि उन कछुओं को फाफामऊ इलाके से पकड़ा गया था। यहां से उन्हें कोलकाता बेचने के लिए जा रहे थे।



## भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष बने प्रो अश्वजीत चौधरी

**प्रयागराज।** प्रो. अश्वजीत चौधरी को इलाहाबाद विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग का विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे विभाग के 16वें अध्यक्ष हैं। अपने कार्यभार ग्रहण के दौरान प्रो. अश्वजीत चौधरी ने विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव और विभाग के सभी शिक्षकों का आभार जताया। प्रो. अश्वजीत चौधरी ने निवर्तमान विभागाध्यक्ष प्रो. अनुपम पाण्डेय से कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. ए. आर. सिद्दीकी सहित सभी शिक्षक, कर्मचारी एवं शोधार्थी मोजूद रहे। विदित रहे कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय में भूगोल विभाग की स्थापना वर्ष 1937 में हुई थी।

# इको इंडिया आर्गनाइजेशन संडे प्लॉगर कार्यक्रम में रविवार को तिरंगा पार्क और संगम क्षेत्र में की साफ सफाई






अखंड भारत संदेश

### पौधरोपण कर पूर्व में लगाये गये पौधो में पानी डाल की सिंचाई

**प्रयागराज।** रविवार को इको इंडिया ऑगेर्नाइजेशन द्वारा संडे प्लॉगर कार्यक्रम के निमित्त प्रत्येक सप्ताह की भांति रविवार को तिरंगा पार्क, संगम क्षेत्र में साफ सफाई का कार्य किया ,जिसमे मुख्यताः प्लास्टिक की सफाई की गई। लगभग 1.5 –2 क्विंटल प्लास्टिक की सफाई कर चुके है। इसके साथ साथ वृक्षारोपण कार्यक्रमझ्र वन से मन तक के अंतर्गत पौधारोपण एवम पूर्व लगाये गये पौधे जो स्वयं अथवा किसी अन्य द्वारा रोपित किए गए थे उनको जलार्पण एवम गुड़ाई कर वृक्ष पुनर्जीवित किया। इस कार्यक्रम में डॉ संदीप सेठ( सिद्धार्थ सेठ), अखिलेश कुशवाहा , अभिषेक सिंह यायावर,सुजल कृष्णा, मोहित, शांतनु मिश्रा,अनुभव, यशार्थ यादव, योगऋष एवम अन्य मिशन के सहयोगीगण उपस्थित रहे।

# बीडीओ, एडीओ पंचायत अधिकारी एवं ग्राम पंचायत अधिकारी दे रहे भ्रष्टाचार को बढ़ावा

**प्रयागराज।** भगवतपुर ब्लाक क्षेत्र के तमाम ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार का मकड़जाल तेजी से फैल रहा है। भ्रष्टाचार का मकड़जाल धीरे – धीरे पूरे सिस्टम को जकड़ते हुए नजर आ रहा है जिसके चलते भगवतपुर ब्लाक क्षेत्र के तमाम ग्राम पंचायतों में तेजी से फैल रहे भ्रष्टाचार के मकड़जाल का सफाया होना असम्भव लग रहा है। तमाम ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्यों की गुणवत्ता उच्चाधिकारियों द्वारा निष्ठापूर्वक जांच करा ली जाए तो जांच की आंच में ब्लाक स्तर के कई अधिकारी झुलसते हुए नजर आएंगे।भगवतपुर ब्लाक अंतर्गत कई ग्राम पंचायत ऐसे हैं जहां पर ग्राम प्रधानों के द्वारा गुणवत्ताविहीन एवं मानकविहीन कार्य कराकर ग्राम विकास योजनाओं का पैसा निकाला जा चुका है लेकिन उक्त योजना का लाभ सही तरीके से लोगों को नहीं मिल रहा है। भगवतपुर ब्लाक क्षेत्र के गांवों में योगी सरकार द्वारा जनहित में संचालित की गई योजना का लाभ

**भगवतपुर ब्लाक क्षेत्र के तमाम ग्राम पंचायतों में तेजी से फैल रहा भ्रष्टाचार का मकड़जाल**

पूर्णरूप से लोगों तक आसानी से नहीं पहुंच रहा है जिसके चलते योगी सरकार की छवि आम जनमानस के बीच तेजी से धूमिल हो रही है। नाली, खड़ंजा, स्ट्रीट लाइट, हैंडपंप रिबोर, हैंडपंप मेंटेनेंस एवं मनरेगा सहित अन्य कार्यों में ग्राम प्रधानों के द्वारा भारी भरकम घोटाला किया गया है। कमीशनखोरी के चलते खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत अधिकारी एवं ग्राम पंचायत अधिकारी ग्राम प्रधानों के द्वारा ग्राम पंचायतों में कराए गए कार्यों की जांच किए बिना ही धनराशि अवमुक्त कर रहे हैं। यदि निष्ठापूर्वक भगवतपुर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायतों की जांच उच्चाधिकारियों द्वारा कराई गई तो लगभग करोड़ों रुपए का घोटाला तमाम ग्राम पंचायतों से निकलकर बाहर आना तय है।

# मालिकाना अधिकार हेतु की मुख्यमंत्री से कार्यवाही की मांग

### 43 वर्षों से लम्बित समस्याः श्रमिक बस्ती के निवासियों का धरना प्रदर्शन जारी




**नैनी।** नैनी श्रमिक बस्ती के निवासियों ने मालिकाना अधिकार की समस्या के निराकरण हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कार्यवाही की मांग की है। उत्तर प्रदेश की सभी औद्योगिक श्रमिक कॉलोनियों में रहने वाले आवासियों को उनके आवासों का मालिकाना अधिकार दिए जाने के लिए आज मानस पार्क, श्रमिक बस्ती नैनी में धरना देकर समस्या के निराकरण की मांग की गई। पिछले कई माह से चल रहा मजदूरों का धरना प्रदर्शन आज भी जारी रहा। धरना स्थल पर प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए श्रमिक बस्ती समिति के सचिव विनय मिश्र ने कहा कि डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद भाजपा सरकार द्वारा इस समस्या के निराकरण की उपेक्षा की जा रही है। जिससे पूरे प्रदेश की औद्योगिक श्रमिक बस्तियों में रहने वाले लाखों निवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। समिति के सचिव विनय मिश्र ने कहा कि अन्य राज्यों की तरह उत्तर प्रदेश में भी श्रमिक बस्ती के निवासियों को उनके आवासों का मालिकाना अधिकार दिया जाए अन्यथा पूरे प्रदेश में चक्का जाम आंदोलन शुरू किया जाएगा। मिश्र ने कहा कि उत्तर प्रदेश श्रम विभाग पिछले 43 वर्षों से इस मामले को लटकाए हुए हैं और श्रम विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री के आदेशों की अवहेलना की जा रही है तथा केंद्र सरकार के आदेश का भी पालन नहीं किया जा रहा है। समिति के सचिव विनय मिश्र ने कहा कि श्रमिक कॉलोनी में मजदूरों के लिए बनाए गए पार्को खेल के मैदानो और सामुदायिक केंद्र राजकीय श्रम हितकारी केंद्र पर 42 वीं वाहिनी पीएसी के लोगों ने कब्जा कर लिया है। जिससे स्थानीय निवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। मिश्र ने कहा है कि राजकीय श्रम हितकारी केंद्र और श्रमिक बस्ती से पीएसी को हटाकर अन्यत्र स्थापित किया जाए। धरना-प्रदर्शन बैठक में शंकर लाल त्रिपाठी, नंदकिशोर मिश्र, गुड्डू राय, मोहम्मद शाहिद, अजमत हुसैन, प्रभु दयाल यादव, उमानंद मिश्र, प्रदीप शर्मा, सभाजीत यादव, प्रभु दयाल यादव, जवाहर यादव, पुनीत कुमार मिश्र, बैजनाथ सिंह यादव, ओमप्रकाश तिवारी, आशीष तिवारी, कमलेश कुमार, शकील अहमद, केदार उपाध्याय, कन्हैया मिश्र, अनिल कुमार श्रीवास्तव, पप्पू शर्मा, लक्ष्मी नारायण गोपाल, शिवबरन सिंह, विनय मिश्र आदि लोग उपस्थित थे।

## जेई मेंस में चयन होने पर विद्यालय में हुए सम्मानित

**झूंसी।** छतनाग झूंसी स्थित न्यू आरएसजे पब्लिक स्कूल के अंशुमान श्रीवास्तव, पीयूष सिंह, अभिषेक कुमार, आयुष सिंह, खुशबू कुमारी का चयन जेई मेंस में होने पर सभी विद्यार्थियो को स्कूल में सम्मानित किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्य सुमन जायसवाल से सभी बच्चो को बधाई दी। राहा सर ने बताया कि सभी विद्यार्थियों ने जेई मेंस में 90% से अधिक अंक प्राप्त कर स्कूल का मान बढ़ाया है।

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत मडार में मनरेगा/पंचम राज्य वित्त/पंद्रहवा केंद्रीय वित्त आयोग ग्राम निधि का स्वच्छ भारत मिशन एस. एल. डब्लू. एम. योजना के अंतर्गत इण्टरकालिंग, नाली,पंचायत भवन, वि. कायाकल्प, एम. डी. एम. सेड, सोकपिट स्पष्ट उपकरण शेनेटाजेशन कीट, स्ट्रीट लाइट, सामुदायिक शौचालय सम्बंधित कार्य हैण्ड पम्प रीबोर ,हैण्ड पम्प मरम्मत, प्रधान/पंचायत सहायक केयर टेकर मानदेय ,अमृत सरोवर, मिया वाकी, खड़ंजा निमार्ण कार्य,पंचायत सचिवालय, पी. एच. सी. निमार्ण, ई रिक्शा, कूड़ा समग्र वाहन, नापेड कम्पोस्टपीट, सोलर लाइट, ह्यूम पाइप, हैण्ड पम्प फाउंडेशन, वृक्षारोपण, सम्बंधित कार्य अन्य प्रशासनिक निधि द्वारा सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा दिनांक 15 मई 2023 से दिनांक 22 मई 2023 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जाएंगी। निविदा स्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के समिति के निहित स्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत के समिति के निहित होगा निविदा ग्राम पंचायत में वित्तिय वर्ष में कराए गए 2023- 024 में कराए जाने वाले निम्नलिखित कार्य हेतु प्रभावी होगी।

सचिव
बृजेश द्विवेदी

प्रधान मडार
संतोष कुमार

# अपर जिला जज ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

## बंदियों को दी गई विधिक जानकारी

**अखंड भारत संदेश**



जिला कारागार का निरीक्षण करते अपर जिला जज नीरज कुमार।

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार, जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद के आदेशानुसार अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार बरनवाल ने जिला कारागार का निरीक्षण किया एवं बंदीजन को विधिक जानकारी देते हुए जागरूक किया।

प्रभारी अधीक्षक/जेलर अजय कुमार सिंह ने बताया कि जिला कारागार में आज कुल 980 बंदी निरुद्ध है जिसमें 898 पुरुष, 40 महिला तथा 42 किशोर बन्दी शामिल हैं। विचाराधीन महिला बंदियों के साथ कुल 07 बच्चे रह रहे हैं। सबसे छोटी बच्ची 02 माह की बताई गई जिसका नाम रागिनी है। महिला बंदियों एवं उनके साथ रह रहे बच्चों का चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है। निरीक्षण के दौरान सचिव ने कारागार में कौशल विकास मिशन केन्द्र, पुस्तकालय, महिला बैरिक और बाल चक्र, पाकशाला, लीगल एड क्लीनिक, वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम सहित बैरकों तथा जेल परिसर की साफ सफाई, बन्दियों से संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर लॉ कॉलेज के छात्र छात्राओं को जिला कारागार का भ्रमण कराकर उन्हें विधिक रूप से जागरूक किए जाने की मांग जेल अधिकारी द्वारा की गई। इस अवसर बंदियों से मिलकर उनके विचाराधीन फौजदारी मुकदमों और अपीलों के स्टेटस सम्बन्धी आवश्यक जानकारी ली गई, जिससे उन्हें आवश्यकतानुसार निःशुल्क विधिक सहायता दिलाई जा सके। इस अवसर पर जेल विजिटर विश्वनाथ प्रसाद त्रिपाठी एडवोकेट ने बन्दियों को निःशुल्क विधिक सहायता व प्ली बार्गेनिन्ग के बारे में जागरूक किया। जेल विजिटर ने बंदियों को बताया कि जिन बंदियों के पास मुकदमे एवं अपीलों आदि की पैरवी हेतु निजी अधिवक्ता न हों तो ऐसे लोग प्रार्थना पत्र के माध्यम से निःशुल्क अधिवक्ता की माँग कर सकते हैं, उन्हें इसके लिए उन्हें कोई शुल्क नहीं देना होगा। इस मौके पर उप जेलर आफताब अंसारी ने बताया कि जिस बन्दी द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता की मांग लिखित या मौखिक की जाती है, उन्हें निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने की सुविधा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से दिलाई जाती है। उन्होंने बताया कि महिला बैरिक में महिला बन्दी के साथ जो बच्चे रह रहे हैं। उनके स्वास्थ्य व खाने कपड़े दूध आदि की पूरी व्यवस्था की जाती हैं। निरीक्षण के पूर्व बन्दीगण को सुबह का खाना दिया जा चुका था। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि कौशल विकास मिशन के अंतर्गत रीता बनर्जी द्वारा बंदियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। सचिव ने जेल अधिकारी को निर्देशित किया कि जिन बंदियों के पास मुकदमे की पैरवी हेतु निजी अधिवक्ता नहीं हैं, उनको चिन्हित करके उनके नाम पता पूर्ण विवरण सहित प्राधिकरण कार्यालय को लिखित में अवगत कराएं जिससे ऐसे बंदियों को निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराया जा सके। इस अवसर पर प्रभारी अधीक्षक/जेलर अजय कुमार सिंह, उप जेलर आफताब अंसारी एवं उप जेलर शारदा देवी, उप जेलर ध्रुव नारायण श्रीवास्तव, चिकित्साधिकारी डा0 प्रवीण रंजन, फार्मासिस्ट केसरी नंदन उपस्थित रहे।

# राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में नेताओं ने संभाला मोर्चा

## अपेक्षा से अधिक मिल रहा जनता का समर्थनः सांसद इमरान प्रतापगढ़ी

**अखंड भारत संदेश**



पत्रकारवार्ता में बोलते राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी।

**प्रतापगढ़।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को प्रातः प्रतापगढ़ में प्रवेश करेगी। इसके लिये नेताओं ने मोर्चा संभाल लिया है। आज अपरान्ह कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के संयोजक एवं राज्यसभा सदस्य इमरान प्रतापगढ़ी ने पत्रकारों को बताया कि अन्याय के विरुद्ध लड़ाई लड़ रहे राहुल गांधी को अपेक्षा से अधिक जनता का समर्थन मिल रहा है। ऐसे में प्रतापगढ़ में उन्हें जगह-जगह निर्धारित स्थानों पर जनता उन्हें देख सकेगी।

इमरान प्रतापगढ़ी जिला कांग्रेस कमेटी में निर्धारित पत्रकारवार्ता के समय से आधा घंटा विलम्ब से पहुंचे। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश देख रहा है कि सत्ता दल के विरुद्ध केवल राहुल गांधी ही सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष कर रहे हैं। इसका प्रभाव आगामी लोकसभा चुनाव में पडेगा कि नहीं, इस पर उन्होंने कहा कि इस संघर्ष यात्रा को चुनाव से जोड़ना ठीक नहीं हैं। इतना हमें भरोसा है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव के बाद कांग्रेस नेतृत्व में सरकार बनेगी। पत्रकारवार्ता में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी, शहर अध्यक्ष इरफान अली, डा0 प्रशांत शुक्ला, डा0 नीरज तिवारी, मो0 दानिश, महेन्द्र शुक्ल, सरोज कश्यप, वीके सिंह, वेदान्त तिवारी आदि मौजूद रहे।

## बेटे के साथ बाइक से घर लौट रही महिला को मिली जांनलेवा धमकी दी तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बेटे के साथ बाइक से घर लौट रही महिला को रास्ते में रोककर कुछ लोगों ने गाली गलौज की। महिला के विरोध करने पर उसे जांन से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। उदयपुर थाना अन्तर्गत विजयी का पुरवा राजापुर गांव की सरिता पत्नी प्रमोद कुमार ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि शनिवार को वह अपने एक रिश्तेदार के यहां वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गयी थी। वहां से पुत्र प्रवीण कुमार के साथ बाइक से रात करीब साढ़े दस बजे घर लौट रही थी। आरोप है कि रास्ते में पूरे बसनदर का पुरवा मंगापुर के पास पीछे से बाइक से पहुंचे एक युवक ने तमंचा व हांकी लहराते हुए जबरन रोक लिया और गाली गलौज करते हुए जांन से मारने की धमकी दी। एसओ राधेबाबू का कहना है कि तहरीर मिली है आरोपित को पूछताछ के लिए थाने लाया गया है। जांच के बाद उचित कार्यवाई की जायेगी।

## युवक ने दी जांनलेवा धमकी, जांच में जुटी पुलिस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना अन्तर्गत तिना गांव निवासी युवक ने एक व्यक्ति पर तमंचे से जांन से मारने का प्रयास करने को लेकर पुलिस से शिकायत की है। रविवार को घटना का वीडियों भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस मामलें की जांच में जुटी है। लीलापुर थाना के गांव निवासी प्रवेश कुमार सरोज पुत्र राजेश कुमार सरोज ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती शनिवार की शाम वह अपने घर पर बैठा था। आरोप है कि इसी बीच गांव के एक व्यक्ति हाथ में तमंचा लेकर उसके घर पर पहुंचा और गाली देते हुए पीड़ित को तमंचे से जांन से मारने की कोशिश की। आरोपी ने पन्द्रह दिन पूर्व भी पीड़ित के साथ गाली गलौज किया था। पीड़ित के शोर मचाने पर गांव के लोगों को इकट्ठा होते देख आरोपी भाग निकला। एसओ नीरज यादव का कहना है कि मामलें की जांच के बाद उचित कार्यवाई की जायेगी।

# पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर एडीजी ने किया औचक निरीक्षण

## परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये मुस्तैद दिखा प्रशासन

**अखंड भारत संदेश**



पुलिस परीक्षा के दौरान नगर में पैदल मार्च करते एडीजी।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर दूसरे दिन रविवार को भी नगर के दो परीक्षा केन्द्रों पर पुलिस का सख्त पहरा दिखा। वही प्रयागराज के अपर पुलिस महानिदेशक भानु भास्कर ने भी नगर के बहुगुणा पीजी कालेज में बने परीक्षा केन्द्र का औचक निरीक्षण किया।

एडीजी के निरीक्षण के दौरान एसडीएम लालधर सिंह यादव भी मौजूद रहे। वही तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने भी पुलिस परीक्षा भर्ती की कापियां जमा होने तक केन्द्रों पर डटे दिखे। वही एडीजी ने परीक्षा केन्द्र से भारी फोर्स के साथ सीओ कार्यालय तक पैदल मार्च कर नगर में शांति व्यवस्था की भी हकीकत खंगाली। सीओ कार्यालय में अपर पुलिस महानिदेशक ने लालगंज सर्किल में अपराध नियंत्रण के अभियान की भी समीक्षा की। एडीजी ने सीओ रामसूरत सोनकर को शांति व्यवस्था को लेकर सर्किल में नियमित पर्यवेक्षण के भी कड़े निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान उन्होने महिला अपराधों को लेकर कार्यवाही में तत्परता के भी निर्देश दिये। वही पुलिस भर्ती परीक्षा को लेकर रविवार को भी नगर में भारी भीड़ जुटी देखी गयी। हालांकि परीक्षा केन्द्रों के इर्द गिर्द पुलिस ने डंडा पटक कर भीड़ को परीक्षा केन्द्र के नजदीक क्षेत्र से बाहर कर दिया। परीक्षा के शांति पूर्वक सम्पन्न होने को लेकर देर शाम पुलिस प्रशासन को राहत में देखा गया।

## अभ्यर्थी का साल्वर बनकर परीक्षा देता अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत रामराज इंटर कालेज पट्टी में चल रही उ0प्र0 आरक्षी नागरिक पुलिस भर्ती परीक्षा में एक अभ्यर्थी का कूटरचित दस्तावेज के आधार पर साल्वर बनकर परीक्षा देने के प्रकरण में थाना पट्टी में उ0प्र0 सार्वजनिक परीक्षा अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद में आयोजित होने वाली पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को नकल विहीन कराने के क्रम में प्रथम पाली में परीक्षा केन्द्र रामराज इंटर कालेज पट्टी जनपद प्रतापगढ़ मे अभ्यर्थी अरविन्द कुमार जनपद प्रतापगढ़ के स्थान पर कूटरचित दस्तावेज के आधार पर साल्वर बनकर परीक्षा देने वाला अभियुक्त रमेश कुमार पुत्र रामउग्रह राय नि0 ग्राम माधोपुर थाना शेखपुरा बिहार जिला छपरा राज्य बिहार गिरफ्तार को किया गया।

## परीक्षा केंद्रो पर व्यवस्था देखने पहुंचे, एडिशनल एसपी पश्चिमी ने किया भ्रमण

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** कुंडा, पुलिस भरती के लिए हो रही परीक्षा की सुचिता और व्यवस्था देखने के लिए एडिशनल एसपी प्रतापगढ़ ने कुंडा क्षेत्र के केंद्रो का व्यापक भ्रमण किया। कुंडा मे कई विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है जहाँ हजारों की संख्या मे अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुचे है। बाबूगंज, कुंडा आदि स्थानों पर ये परीक्षा सम्पन्न करवायी गयी। एडिशनल एसपी संजय राय ने सभी केंद्रों पर व्यापक भ्रमण करके इन केंद्रो की व्यवस्था जांची, इस दौरान उनके साथ थाना प्रभारी कुंडा और सम्बन्धित अधिकारी भी मौजूद रहे।

## दारोगा पर महिला से मारपीटा का आरोप, एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दारोगा पर गाली गलौज मारपीट का आरोप लगाते हुए पीड़ित महिला ने एसपी से शिकायत कर न्याय और सुरक्षा की गुहार लगाई है। सांगीपुर थाना क्षेत्र माधव मिश्र का पुरवा भैसना गांव की सुमित्रा देवी पत्नी रामबरन ने शनिवार को एसपी को भेजे गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि गुरूवार की शाम करीब सात बजे वह अपने घर पर मौजूद थी। इसी बीच थाने के एक दारोगा हमराहियों के साथ पहुंचे और पीड़िता से उसके पति के बारे में पूछताछ किया। पीड़िता ने पति के खेत में काम करने की बात बताई। आरोप है कि दारोगा गाली गलौज करने लगे और मना करने पर उसे मारा-पीटा। दारोगा ने पीड़िता की दिव्यांग बेटी रूमा का वीडियों बनाता देख उसे भी मारापीटा। बचाव में पहुंची पीड़िता की दूसरी बेटी काजल को भी मारापीटा। पीड़िता ने घटना की तहरीर थाने में दी लेकिन जांच के नाम पर कार्यवाई नही हुई। परेशान व भयभीत पीड़िता ने मामलें की शिकायत एसपी से करके न्याय एवं सुरक्षा की गुहार लगाई है। एसओ विवेक मिश्र का कहना है कि कोई तहरीर नही मिली है। जाचं के बाद उचित कार्यवाई की जायेगी।

# भगवत कथा को लेकर निकली भव्य शोभा यात्रा

**अखंड भारत संदेश**



कलश यात्रा में शामिल श्रद्वालुगण।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रानीगंज कैथौला क्षेत्र के समीप सारीपुर गांव से रविवार को भव्य कलश यात्रा में श्रद्वालु द्वारिकाधीश के जयघोष में मगन देखे गयें। यहां श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलायें सिर पर कलश रखकर हरे कृष्ण हरे राधे का मनोहारी का जाप करती दिखी।

समाजसेवी पं0 राजकुमार दुबे व शोभा द्विवेदी की अगुवाई में कलश यात्रा गांव से लखनऊ-वाराणसी नेशनल हाइवे होते हुए रानीगंज कैथौला बाजार पहुंची। यहां बाजार के लोगों खासकर व्यापारियों को कलश यात्रा में पुष्प वर्षा के साथ स्वागत के उत्साह में देखा गया। कलश यात्रा वापस कथा स्थली पहुंची। यहां कथा व्यास संकटमोचन शीतला धाम लखहरा के आचार्य अखिलेश जी महाराज के वैदिक मंत्रोंच्चारण के मध्य श्रद्वालुओं ने भगवान द्वारिकाधीश की भव्य आरती उतारी। कथा व्यास आचार्य अखिलेश ने कथा का शुभारम्भ करते हुए कहा कि भगवान की कथा को सुनना मनुष्य के जीवन का सबसे बड़ा पुण्य है। संयोजक अधिवक्ता अखिलेश द्विवेदी तथा अतुल द्विवेदी व अनुज द्विवेदी ने व्यास पीठ का विधि विधान से पूजन अर्चन किया। इस मौके पर यज्ञाचार्य पं0 धीरेन्द्र कुमार तिवारी, पं0 श्यामनारायण द्विवेदी, पं0 राजधर द्विवेदी, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, रूलर बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश शुक्ल, शासकीय अधिवक्ता हरिशंकर द्विवेदी, समाजसेवी पप्पू तिवारी, अधिवक्ता हरेकृष्ण त्रिपाठी व अधिवक्ता प्रवीण शुक्ल एवं अधिवक्ता सुधाकर मिश्र आदि रहे।

# तीन वारण्टी अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, अवैध गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना आसपुर देवसरा के उ0नि0 अनुपम त्रिपाठी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0नं0 10913/21 व अपराध संख्या 74/06 धारा 143, 353, 506 भादवि थाना आसपुर देवसरा से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त इन्द्रमणि पाण्डेय पुत्र स्व0 हरीहरि पाण्डेय नि0ग्राम गधियावां थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया।

जिले के थाना आसपुर देवसरा के उ0नि0 अनुपम त्रिपाठी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0नं0 94/19 धारा 128 सीआरपीसी थाना आसपुर देवसरा से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त अरविन्द कुमार पटेल पुत्र भागीरथी पटेल नि0ग्राम बाभनपुर थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया। जिले के थाना आसपुर देवसरा के उ0नि0 अनुपम त्रिपाठी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर वाद सं0 1236/21 व अ0सं0 294/20 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट थाना आसपुर देवसरा से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त रामलवट पुत्र रामफेर नि0ग्राम उदईशाहपुर थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया। बता दें कि पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जनपद के थाना कुण्डा के निरीक्षक संजय कुमार सिंह मय हमराह देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थानाक्षेत्र कुण्डा के मवई तिराहा के पास से एक अभियुक्त ऋषिराज पाण्डेय पुत्र तीरथ राज पाण्डेय नि0 ताजपुर थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को 760 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में थाना कुण्डा में मु0अ0सं0 46/2024 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

# जीजीआईसी में आयोजित हुआ उधम अभिमुखीकरण संवाद कार्यक्रम

## 18 ट्रेड के माध्यम से लोगों को कराया जा रहा रोजगार

**अखंड भारत संदेश**



जीजीआईसी में आयोजित कार्यक्रम में बोलते डा0 दयाराम मौर्य।

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश शासन आदेश के क्रम में उत्तर प्रदेश में इन्वेस्टर्स समिट 2023 के सफल आयोजन के पश्चात ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के अंतर्गत शिक्षाविदों का एक दिवसीय उधम अभिमुखीकरण संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन जिलाधिकारी संजीव रंजन व मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहारा के निदेर्शानुसार उप शिक्षा निदेशक/जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह की अध्यक्षता में राजकीय बालिका इंटर कालेज में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर प्रमुख शिक्षाविदों में डॉ दयाराम मौर्य पूर्व सह जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ एवं डॉ राजेंद्र कुमार प्रधानाचार्य राजकीय हाई स्कूल लोहगपट्टी प्रतापगढ़ रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ मोहम्मद अनीस ने किया। कार्यक्रम का संयोजन गरिमा श्रीवास्तव प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ एवं डॉ विंध्याचल सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ ने किया। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग कार्यालय श्री त्रिपाठी और एचएन सिंह उपस्थित रहे।

इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अब उत्तर प्रदेश एक सशक्त राज्य बन चुका है। रोजगार के बहुत सारे अवसर हैं। जमीन संसाधन पूंजी आदि के माध्यम से उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है और हर संभव प्रयास किया जा रहा है कि सभी के हाथों को रोजगार प्राप्त हो सके। कौशल विकास मिशन के अंतर्गत 18 ट्रेड के माध्यम से लोगों को रोजगार कराया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ मोहम्मद अनीस, सीमा तबस्सुम, आराधना सरोज, उमर जमील, राजेश यादव, कपेन्द्र सिंह, अनुपम भट्ट, धीरज कुमार, त्रिलोकी प्रसाद आदि उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेसीगढ़ रामपुर खास में उत्साह का माहौल

## आज सोमवार को प्रमोद व मोना की अगुवाई में यात्रा के साथ राहुल गांधी का होगा भव्य स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दशकों से कांग्रेसीगढ़ रामपुर खास में आज सोमवार को राहुल गांधी भारत जोड़ों न्याय यात्रा को लेकर कार्यकताओं ने राज्यसभा में विपक्ष उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की अगुवाई में स्वागत को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकताओं को भारी उत्साह में देखा जा रहा है। राहुल की भारत जोड़ों न्याय यात्रा रामपुर खास के लालगंज में सुबह नौ बजे पहुंच रही है।

रविवार को कार्यकर्ता क्षेत्र की सीमा धधुआगाजन से लेकर सांगीपुर और अठेहा तथा देवरी आदि स्थानो पर तैयारियों को लेकर मशक्कत करते देखे गये। लालगंज इंदिरा चैक पर कांग्रेसी झण्डे व बैनर तथा राहुल एवं प्रियंका तथा सोनिया के साथ प्रमोद तिवारी व आराधना मिश्रा मोना के विशाल कट आउट भी नेशनल हाइवे से लेकर लालगंज सांगीपुर अठेहा हाइवे तक पट गया दिखने लगा है। धधुआगाजन सीमा से बड़ी संख्या कार्यकर्ता न्याय यात्रा की बाइक से आगुवानी करेगे। वही बाजार में भी लोगों में राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर उत्सुकता देखी जा रही है। रामपुर खास में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी तथा स्व0 राजीव गांधी भी प्रमोद तिवारी के समर्थन में इसके पहले बड़ी जनसभाओं का जलवा बिखेर चुके है। पिछले विधान सभा चुनाव में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी भी आराधना मिश्रा मोना के समर्थन में लालगंज चैक पर जनसभा का रिकार्ड बना चुकी है। रविवार को कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की न्याय यात्रा को सफल बनाने के लिए सम्पर्क अभियान में भी ऐड़ी का जोर लगाया। सांगीपुर के गांधी इंटर कालेज में यात्रा के दोपहर विश्राम को लेकर भी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। भारत जोड़ों न्याय यात्रा में राहुल गांधी के साथ निकली विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से विधायक पुत्र राघव मिश्र भी रविवार को लालगंज पहुंचे। राघव को भी अपनी युवा टोली के साथ लालगंज से सागीपुर व अठेहा क्षेत्र में तैयारियों को लेकर कार्यकताओं के साथ लगातार मंथन में देखा गया। वही राहुल गांधी को लेकर पुलिस व प्रशासन ने भी देर शाम से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अभी से ही मशक्कत शुरू कर दी। यात्रा की तैयारियों की देख रेख में प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, लालगंज प्रमुख अमित प्रताप सिह पंकज, मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, हगपाल यादव, भुवनेश्वर शुक्ल, लालजी यादव, जावेद खांन, सुधाकर पाण्डेय, छोटे लाल सरोज आदि को जगह जगह व्यवस्थाओं को लेकर हलाकांन देखा गया।

## बीएसए के निरीक्षण में खुली चौपट शिक्षा व्यवस्था की पोल!

# खंड शिक्षा अधिकारियों पर नहीं हुई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में मुख्य विकास अधिकारी के निरीक्षण के दौरान खराब भोजन शिक्षकों की अनुपस्थिति सहित तमाम खामियां मिलने के बाद मुख्य विकास अधिकारी ने परिषदीय विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाने का निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिया जिसके बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी हरकत में आए और तमाम विद्यालयों को आनन फानन में चेक कर दिया जहां तमाम खामियां मिली अब सवाल उठता है कि खंड शिक्षा अधिकारी इसके पहले क्या कर रहे थे क्या उनकी जवाब देही नहीं बनती की चौपट शिक्षा व्यवस्था की चेकिंग करके अध्यापकों पर कार्यवाही करें और शिक्षा व्यवस्था में सुधार लाएं लेकिन चौपट शिक्षा व्यवस्था को सुधार करने के लिए खंड शिक्षा अधिकारियों ने पहल नहीं की है जिससे पूरे जिले की परिषदीय स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था चौपट है जिले के दो तिहाई से अधिक परिषदीय स्कूलों के शिक्षक उपस्थिति रजिस्टर में हस्ताक्षर बनाने के बाद विद्यालय से गायब हो जाते हैं यह प्रतिदिन का कारनामा है लेकिन उसके बाद भी बेसिक शिक्षा अधिकारी लापरवाह शिक्षकों पर कार्रवाई करते नही दिख रहे हैं और ना ही खंड शिक्षा अधिकारियों पर कार्यवाही करने का साहस बेसिक शिक्षा अधिकारी कर पा रहे हैं जिले के परिषदीय विद्यालयों की पूरी शिक्षा व्यवस्था शिक्षक नेताओं के सहारे संचालित हो रही है बेसिक शिक्षा अधिकारी कमलेंद्र कुशवाहा ने बीआरसी मंझनपुर व सरसवां के सात विद्यालयों का निरीक्षण किया। एक दिन के निरीक्षण में ही पूरी परिषदीय शिक्षा व्यवस्था चौपट दिखाई पड़ी है निरीक्षण के दौरान खामियां मिलने पर उन्होंने एक शिक्षक को निलंबित करते हुए पांच शिक्षकों का एक माह का तो दूसरे एक शिक्षक का एक दिन के वेतन भुगतान पर रोक लगा दिया है। बीएसए की कार्रवाई से परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों में हड़कंप है।

### एक दिन के निरीक्षण के दौरान खामियां मिलने के बाद एक शिक्षक निलम्बित छह शिक्षकों के वेतन भुगतान पर रोक




बीएसए ने बीआरसी मंझनपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय भेलखा का निरीक्षण किया। यहां पर प्रधानाध्यापक राजेंद्र प्रसाद मिश्र व सहायक अध्यापक परितोष सिंह द्वारा उपस्थिति पंजिका में निरीक्षण के दौरान हस्ताक्षर बनाया गया। इसके अलावा विद्यालय परिसर में गंदगी का अम्बार पाया गया। बीएसए ने दोनों शिक्षकों का फरवरी माह का वेतन अवरुद्ध करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय भेलखा का निरीक्षण किया। यहां तैनात शिक्षक संदीप कुमार सोनकर से कम्पोजिट ग्रांट उपभोग की जानकारी चाही गई तो वह सही उत्तर नहीं दे सके। इस पर बीएसए ने उनका फरवरी माह का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण तलब किया है। इसके बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी बीआरसी सरसवां के उच्च प्राथमिक विद्यालय भवंनसुरी पहुंचे। यहां पर इंचार्ज अध्यापक नितिन कुमार यादव बगैर सूचना के अनुपस्थित मिले। मामले को गम्भीरता से लेते हुए बीएसए ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक विद्यालय हटवा अब्बासपुर का निरीक्षण किया। यहां पर बीएसए को सबकुछ ठीक ठाक मिला। उच्च प्राथमिक विद्यालय डेढ़ावल में निरीक्षण के दौरान इंचार्ज प्रधानाध्यापक अजय प्रकाश अनुपस्थित पाए गए। इस पर बीएसए ने उनका माह फरवरी का वेतन भुगतान रोक दिया है। इसके बाद उन्होंने प्राथमिक विद्यालय डेढ़ावल का निरीक्षण किया। यहां पर प्रधानाध्यापक आकाश सिंह के हस्ताक्षर उपस्थिति पंजिका में बने थे पर वह अनुपस्थित मिले। इसके अलावा शिक्षा मित्र कल्पना सिंह अनुपस्थिति रहीं। बीएसए ने प्रधानाध्यापक का एक माह का बेतन रोक दिया है शिक्षामित्र का एक दिन का वेतन भुगतान रोक दिया। अंत में बीएसए ने कम्पोजिट विद्यालय पुनवार का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होने बच्चों की उपस्थिति व शैक्षिक स्तर बढ़ाने पर जोर देते हुए शिक्षकों को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान बीएस द्वारा की गई कार्रवाई से शिक्षकों में हड़कम्प है।

## लाखों की चोरी की घटना को तीन दिन बीते ना मुकदमा दर्ज हुआ ना लगा सुराग

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के नारा पुलिस चौकी के अंतर्गत कोडर कैनी निजाम पुर नौगीरा निवासी बुधराम पुत्र राम सरन के घर में 15 फरवरी 2024 की रात को लगभग दो बजे बाहर की तरफ से दीवार काट कर नीचे से जमीन खोद कर चोर घर के अंदर घुस गए और गृहस्वामी की पुत्री वा बहु के सोना चांदी के बने जवाहरात सोने की बनी झुमकी सोने की लाकेट चांदी की पायल चांदी की करधनी 21हजार रुपया नगद चोरी कर ले गए उसी रात एक गांव में दो जगह चोरी हुई थी सूत्रों से पता चला कि घटना में उसी गांव के निवासी का हाथ था पुलिस चौकी में तहरीर देने के तीन दिन बाद तक पुलिस की तरफ से कोई कार्यवाई नही हुई चोरी की घटना में ना तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है ना आरोपियों की गिरफ्तार करने का प्रयास किया है ना हीं घटना का खुलासा पुलिस कर सकी है जिससे चौकी पुलिस की निष्क्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## न्यूज झरोखा

### मोटरसाइकिल बचाने में पलटा रिक्सा,कई घायल,पुलिस ने भेजा अस्पताल







**अझुवा कौशांबी** सैनी कोतवाली राष्ट्रीय राजमार्ग के भौंतर मोड़ के पास बीती देर रात्रि मोटरसाइकिल से भिड़ने से बचाने के चक्कर में ऑटो रिक्शा पलट गया जिसमे बैठी सवारियां घायल हो गई,।घटनाक्रम के मुताबिक अजय कुमार पुत्र कुल्लू,अंजनी कुमार पुत्र सुगंध , अजय की बहन सरोज देवी, किरन देवी , शिमरन सभी निवासी जलालपुर साना थाना चरवा असोथर रिश्तेदारी से देर रात्रि करीब 11 बजे घर जा रहे थे भौंतर मोड़ अझुवा के पास अचानक एक बाइक सवार आ गया जिससे बचने के लिए रिक्शा ड्राइवर अनियंत्रित होकर पलट गया सभी सवारिया दब गईं चिल्लाहट से मौके पर कुछ लोग पहुंच गए और अझुवा चौकी पुलिस को सूचना दिया पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया है सवारियों में कुल 4 लोग चोटहिल हुए हैं वहीं अजय गंभीर घायल था।

### मोहम्मद सुल्तान को बनाया गया सहसंयोजक



**कौशांबी।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच आरएसएस संरक्षक डॉक्टर इंद्रेश कुमार उत्तर प्रदेश व सहसंयोजक महताब खान एवं कुर्बान अली काशी प्रांत युवा संयोजक महानगर प्रयागराज प्रभारी के सहमति से रतगहां गांव निवासी मोहम्मद सुल्तान को कौशांबी जनपद से मुस्लिम राष्ट्रीय मंच आरआरएस से जिला संयोजक बनाया गया है। मोहम्मद सुल्तान को जैसे ही मुस्लिम राष्ट्रीय मंच आरएसएस से कौशांबी जनपद का सहसंयोजक बनाया गया उनके परिवार और समर्थकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। मोहम्मद सुल्तान ने संघ के प्रति लगन, मेहनत एवं ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रबल इच्छा जताई है।

### दवा प्रतिनिधियों ने डीएम को सौपा ज्ञापन



**कौशाम्बी।** विभिन्न मांगों को लेकर यूपीएमएसआरए कौशाम्बी के तत्वधान में दवा व्यापारियों ने डीएम राजेश कुमार राय को मांगो का ज्ञापन सौंपा है दिए गए ज्ञापन में दवा व्यापारियों ने अपनी समस्याएं बताते हुए हल करने की मांग की है दवा व्यापारियों ने आरोप लगाया कि बाजारों में दवा की कालाबाजारी हो रही है। इस पर रोक लगाई जाए। बिक्री कर्मचारियों पर कम्पनियों द्वारा की जा रही जोर जबरदस्ती पर अंकुश लगाया जाए दवाओं को जीएसटी से बाहर रखा जाए व टैक्स मुक्त किया जाए। श्रम कानूनों का उल्लंघन करने वालों पर मुकदमा चला कर कार्रवाई की जाए और स्वास्थ्य सेवाओं पर बजट बढ़ाया जाए। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों द्वारा कर्मचारियों पर निगरानी करने व गोपनीयता में घुसपैठ को रोकने सम्बंधित प्रमुख मांगे शामिल रहीं। ज्ञापन देने वालों में यूपीएमएसआरए कौशाम्बी अध्यक्ष रज्जन अग्निहोत्री, राम लखन, मयंक अग्रहरि, विवेक सिंह, संदीप द्विवेदी, अंशुमान, आशुतोष, रवि दुबे, आयुष, द्रुवेन्द्र अग्रहरि सहित तमाम दवा ब्यापारी उपस्थित रहे।

### पाक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उप निरीक्षक अनिल कुमार सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा म0अ0स025/24धारा354(क)504 पोक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त देवा सरोज पुत्र अजय कुमार निवासी ग्राम चकिया माजरा पुनवार थाना पश्चिम शरीरा जनपद को पश्चिम शरीरा दंगल मैदान के पास से गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया

### एनडीपीएस एक्ट का वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी** जनपद थाना सैनी पुलिस उप निरीक्षक अरुण कुमार मौर्य मय हमराह पुलिस बल द्वारा म0अ0स0 09/20 एनडीपीएल एक्ट से संबंधित वारंटी अभियुक्त बच्चू लाल उर्फ गोरेलाल पुत्र बांकेलाल निवासी बीच का पुरवा अझुवा थाना सैनी को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया

### निरोधात्मक कार्यवाही में 16 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी** जनपद में अपराध के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से 05 थाना सराय अकिल से 03 थाना पिपरी से 03 थाना सैनी से 01 थाना कडाधाम से 04 कुल 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालन न्यायालय किया गया

### वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशांबी** जनपद में चलाए जा रहे यातायात से संबंधित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध साधन चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान दो पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 37 वाहनों का ई-चालान किया गया एवं 02 वाहनों को सीज किया गया

### वाराणसी से संबंधित वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशांबी** जनपद थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उप निरीक्षक विपिन यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा म0अ0स0 325/23 धारा 406/323/504/506 भादबि थाना सारनाथ जनपद वाराणसी से संबंधित वारंटी अभियुक्त ब्रजराज सिंह पुत्र स्वर्गीय जागेश्वर सिंह निवासी ग्राम चम्पाहा बाजार थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया

### तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**महगांव कौशाम्बी।** संदीपन घाट पुलिस ने एक शातिर अभियुक्त को अवैध तमंचे और जिन्दा कारतूस के साथ रविवार को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की है पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के द्वारा चलाए जा रहे अभियान एवं अपराधो के रोकथाम और अपराधियों की धर पकड़ अभियान को सफल बनाने में लिए संदीपन घाट थाना प्रभारी भुवनेश चौबे और पुलिस टीम ने एक शातिर किस्म के अपराधी को थाना क्षेत्र के तेरहमील तिराहे से अवैध तमंचा व कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया। संदीपन घाट थाना प्रभारी द्वारा बताया गया कि पकड़ा गया अभियुक्त सैफुद्दीन पुत्र स्व० भैय्या निवासी ग्राम उजिहिनी आईमा थाना संदीपन घाट को 18 फरवरी को तेरहमील तिराहे से एक अवैध तमंचा 315 बोर की जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया । पकड़े गए अभियुक्त के विरूद्ध संदीपन घाट पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत करके आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायलय के समक्ष प्रस्तुत किया।



## यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा ड्यूटी से लौट रहे पीआरडी जवान की सड़क हादसे में मौत

**कौशाम्बी।** यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्र काशिया ककोढा से ड्यूटी पूर्ण करने के बाद घर वापस लौटते समय दो बाइक आपस में टकरा गई जिसमे चरवा थाना क्षेत्र के निंबिहा गांव निवासी पीआरडी जवान राकेश उम्र 46 वर्ष पुत्र दर्शन लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल पीआरडी जवान को एंबुलेंस की मदद से इलाज हेतु जिला अस्पताल भेजा। जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद घायल पीआरडी जवान को प्रयागराज रिफर किया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पीआरडी जवान की मौत की खबर सुनकर परिजन और रिश्तेदारों के बीच कोहराम मचा हुआ है। पीआरडी जवान अपने पीछे दो पुत्र एवं दो पुत्री को छोड़ गए। अश्रुपूरित नेत्रों से परिजन और रिश्तेदारों ने उनका अंतिम संस्कार कर दिया है।

# यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में कौशाम्बी में पहले दिन 2360 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा




**कौशाम्बी।** जिले में यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के पहले दिन की परीक्षा अधिकारियो के कुशल नेतृत्व एवम संचालन में सकुशल संपन्न हो गई,कौशाम्बी जिले में कुल 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर पहले दिन शनिवार को प्रथम पाली व द्वितीय पाली में 17 हजार 376 अभ्यर्थियों को बैठना था।प्रथम पाली की परीक्षा में 8688 में 1184 व द्वितीय पाली की परीक्षा में 8668 में 1176 अभ्यर्थी शामिल नहीं हुए। कुल 17 हजार 376 में से मात्र 15 हजार 10 अभ्यर्थियों ने ही परीक्षा दिया और 2360 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो सके। यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा से पूर्व ही जिला व पुलिस प्रशासन ने सारी तैयारियां पूरी कर ली थी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक-एक स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे। इसके अलावा तीन जोनल व छह सेक्टर मजिस्ट्रेट दिनभर परीक्षा केंद्रों का जायजा लेते रहे। डीएम राजेश राय,एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के साथ डीआईओएस एसएन यादव ने परीक्षा केंद्र पहुंचकर नकल विहीन परीक्षा का जायजा लिया।वहीं सुरक्षा के दृष्टिगत शनिवार को परीक्षा के दौरान एडीजी भानु भास्कर, डीआईजी प्रेम कुमार गौतम के साथ एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव, एएसपी अशोक कुमार वर्मा परीक्षा केंद्र पहुंच सुरक्षा की व्यवस्था देखी।

## डीएम,एसपी ने यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण,चेक की पुलिस ड्यूटी



**कौशाम्बी।** डीएम राजेश कुमार रॉय और एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की परीक्षा के दृष्टिगत जनपद कौशाम्बी के परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था मे लगे पुलिस कर्मियों को चेक किया तथा परीक्षा को नकल विहीन सकुशल संपन्न कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# बाइक से दावत गया भरवारी का व्यापारी हुआ गायब



**महगाव कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे का व्यापारी बाइक से दावत खाने मूरतगंज गया था लेकिन वह दावत से वापस घर नहीं लौटा है जिससे परिवार के लोग परेशान हो गए हैं,बहुत खोजने पर व्यापारी की बाइक मूरतगंज में एक दुकानदार के यहां खड़ी मिली,लेकिन व्यापारी का कही भी पता नही चल सका है जिसके चलते व्यापारी के परिजन आशंकित है और उन्होंने ब्यापारी के गायब होने की सूचना पुलिस को दी है,परिजनो की तहरीर पर पुलिस ने व्यपारी की गुमशुदगी दर्ज कर ली है और जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे के भवंस मेहता महाविद्यालय के सामने रहने वाले व्यापारी गुड्डू केसरवानी पुत्र मूलचंद्र केसरवानी मूल निवासी परसरा 16 फरवरी को बाइक से संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मुरतगंज दावत खाने गए थे काफी देर तक जब वह नही लौटे तो परिजन परेशान हो गए दो दिनों से गायब व्यापारी गुड्डू केसरवानी के भाई अरुण केसरवानी ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उनका छोटा भाई गुड्डू केसरवानी 16 फरवरी को दावत खाने मूरतगंज गया हुआ था लेकिन वह वापस घर नही लौटा,खोजने पर पता चला कि उसने अपनी बाइक मोनू केसरवानी के यहां खड़ी की थी,पूछने पर पर मोनू ने बताया कि गुड्डू अपनी बाइक खड़ी कर के प्रयागराज के मुंडेरा चले गए थे,जहा से अभी तक वापस नहीं लौटे है।उन्होंने अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए संदीपन घाट थाना पुलिस से शिकायत की है,पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है और व्यापारी को खोजने में जुट गई है।वही व्यापारी के गायन होने से परिजन परेशान है।

# शिविरार्थियों को योगाभ्यास एवं प्रार्थना से प्रारंभ हुआ सात दिवसीय विशेष शिविर

### जल संरक्षण जागरूकता के अंतर्गत गांव में रैली निकालकर ग्राम वासियों को जल की महत्ता का पाठ पढ़ाया




**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशांबी के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन की शुरूआत राष्ट्रीय सेवा योजना कौशाम्बी के नोडल अधिकारी डॉ पवन कुमार द्वारा शिविरार्धियो को योगाभ्यास एवं प्रार्थना से प्रारंभ कराया। योगाभ्यास के उपरांत छात्र-छात्राएं गांव यूसुफपुरारा मे जल संरक्षण जागरूकता के अंतर्गत गांव में रैली निकालकर ग्राम वासियों को जल की महत्ता का पाठ पढ़ाया एवं नुक्कड़ नाटक भावना , कल्पना , सदफ, मुस्कान, हिमांशु ,कोमल आदि की टीम द्वारा प्रस्तुत कर जन जागरूकता का प्रयास किया। भोजन के उपरांत बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि ओसा वार्ड के पार्षद अमित सोनकर ने कहा कि जल है तो जीवन है। जल के अभाव में इस पृथ्वी के जीव जंतुओं का कोई अस्तित्व नहीं है। यदि आज हम जल का संरक्षण नहीं करेंगे तो आने वाली पीढियां को पानी पेट्रोल पंप की तरह जा कर खरीदना पड़ेगा । डॉ अनिल कुमार ने बताया कि जल पृथ्वी पर सामान्य ताप पर तरल अवस्था में पाया जाने वाला अद्भुत तत्व है सर्वशुलभता के कारण हम इसके महत्व को अनदेखा कर देते हैं ।स्वयं सेविका ज्योति ने जल संरक्षण जागरूकता पर अपना भाषण दिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ पवन कुमार ने बताया कि दुनिया में जल का जिस तरह से दोहन हो रहा है विद्वानों का कहना है कि अगला विश्व युद्ध जल के लिए ही होगा 'सांस्कृतिक सत्र के अंतर्गत शिवरात्रियों ने मनोरंजन किया कार्यक्रम का संचालन शशि भूषण ने किया।

## जर्जर सड़को की मरम्मत न कराई गई तो सैकड़ों ग्रामीणों के साथ सड़क पर उतरकर होगा आंदोलन : अजय सोनी



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने जिला प्रशासन कौशांबी एवं संबंधित विभाग से जर्जर सड़को की मरम्मत कराए जाने की मांग की है। समस्या के समाधान न होने पर सैकड़ों ग्रामीणों के साथ आंदोलन करने की बात कही है। शनिवार को समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी सिराथू ब्लॉक के गांव महमदपुर मजरा देवखरपुर, निजामपुर नौगिरा, फाजिलपुर गोपालपुर (हिसामबाद), उदहिन खुर्द आदि गांवों का भ्रमण किया और लोगों की समस्याएं सुनी। सबसे ज्यादा समस्याएं जर्जर सड़को को लेकर थीं। लोगों का कहना था कि क्षेत्र की जर्जर सड़को की मरम्मत न होने से लोगों को आने जाने में भारी दिक्कत होती है। बार बार के शिकायत करने के बाद भी जर्जर सड़को की मरम्मत नही कराई जाती। इस अवसर पर मौजूद रहे लोगों से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने बताया कि सिराथू ब्लॉक के ग्राम महमदपुर मजरा देवखरपुर से मवई, तन्नापर होकर ओसा तक, ग्राम अचाकापुर से पतेरिहा होकर निजामपुर नौगिरा तक, ग्राम जगन्नाथपुर से ग्राम फाजिलपुर गोपालपुर हिसामबाद तक, ग्राम उदहिन खुर्द पुलिस चौकी से खनवारी माइनर के पुल तक जर्जर सड़को की मरम्मत कराए जाने की मेरे द्वारा जिला पंचायत सदन में आवाज उठाई गई थी, साथ ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को लिखित ज्ञापन दिया गया था लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नही हुई और जर्जर सड़को की मरम्मत नहीं कराई गई। अधिकारीगण जनहित के मामलों की अनदेखी कर रहे हैं जिसे कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि जल्द ही इन सड़को की मरम्मत नही कराई गई तो सैकड़ों ग्रामीणों के साथ संबंधित विभाग के खिलाफ सड़क पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर भगवानदास वर्मा, अखिलेश विश्वकर्मा, हुबलाल सरोज, बिनोद दिवाकर आदि मौजूद रहे।

# सफाई के दौरान ई-रिक्शा न हटाने पर चालक और दैनिक सफाई कर्मी में हुई नोकझोंक

**चायल कौशाम्बी।** नगर पंचायत चायल में छोटी-छोटी बातों पर राजनीतिक रंग दिया जाने लगा है जिससे जहां सरकार के स्वच्छ छवि पर दाग लग रही है वही नगर पंचायत का कार्य बाधित हो रहा है रविवार की सुबह नगर पंचायत के गिरिया खालसा रोड पर दैनिक सफाई कर्मी सूरज पुत्र राधेश्याम सफाई कर रहा था इसी बीच वहां पर शादाब का बेटा ई रिक्शा खड़ा कर दिया सफाई के दौरान ई रिक्शा हटाने की बात कही गई लेकिन शादाब के बेटे ने ई रिक्शा नहीं हटाया जिस पर सफाई कर्मचारियों ने कई लोगों के साथ मिलकर ई रिक्शा को धक्का मार कर धकेल दिया जिससे विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई शादाब और उसका साथी अनीश आदि ने ई रिक्शा धकेलने का विरोध किया जिस पर सफाई कर्मी भी आग बबूला हो गया देखते-देखते दोनों तरफ से गाली गलौज और मारपीट शुरू हो गई मामले की सूचना सफाई कर्मी ने नगर पंचायत को दिया है सफाई कर्मी ने भी पिपरी थाने पुलिस को तहरीर देकर मारपीट गाली गलौज और जाति सूचक शब्दो से अपमानित करने का आरोप शादाब और अनीश पर लगाया है आम जनता की समस्याओं पर न खुलने वाला नगर पंचायत का कार्यालय रविवार होने के बाद नगर पंचायत चायल का कार्यालय खुल गया सफाई कर्मी के समर्थन में नगर पंचायत के कर्मचारी अधिकारी उतर आए और सफाई कर्मी के साथ नोक झोक के इस मामले में सरकारी कार्य में बाधा डालने गाली गलौज मारपीट करने जाति सूचक शब्दों से अपमानित करने आदि की तहरीर थानेदार को देते हुए उच्च अधिकारियों को प्रतिलिपि भेज दी है जब कि यह सफाई कर्मी नगर पंचायत में दैनिक कमी के पद पर तैनात और दैनिक कमी को राज्य कर्मचारी का दर्जा नही मिल सकता है इस बात की जानकारी अधिशासी अधिकारी को होने के बाद भी उन्होंने जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक अपर जिला अधिकारी उप जिला अधिकारी क्षेत्र अधिकारी को गुमराह करने का पूरा प्रयास किया है सफाई कर्मी और ई रिक्शा चालक के बीच नोकझोंक के मामले में अधिशासी अधिकारी द्वारा सरकारी कार्य में बाधा डालने का पत्र लिखा जाना बेहद चर्चा का विषय बन गया है उन्होंने इस मामले को तूल देने का क्यों प्रयास किया है क्या उन्हें कानून नियम की जानकारी नहीं है कि प्राइवेट कमी को शासकीय दर्ज नहीं दिया जा सकता है जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक अपर जिलाधिकारी उप जिला अधिकारी और क्षेत्राधिकारी को अधिशासी अधिकारी चायल द्वारा गुमराह किए जाने के इस मामले में यदि आला अधिकारियों ने जांच कराई तो सफाई कर्मी और ई रिक्शा चालक का नोकझोंक का मामला बेहद गंभीर नहीं दिखाई पड़ेगा मामले को तूल देने और दैनिक कमी को राज्य कर्मी का दर्जा दिए जाने के इस मामले में अधिशासी अधिकारी को दण्ड भुगतना पड़ सकता है।

## संपादक की कलम से

# आंकड़ों के खेल में फंसी है गरीबी हटाओ योजना

**विकास के रास्ते पर आगे बढ़ने के लिए भारत के पास कई योजनाएं हैं, जो की जा रही हैं और कई अन्य हैं जो विफल हो रही हैं। गरीबी पर वास्तव में हमला करने की इच्छा है तो हम ईमानदारी, प्रतिबद्धता के साथ संकेतकों को सावधानी से पढ़ें और समस्या में गहरी पैठ रखने वाले संरचनात्मक मुद्दों को ठीक करने के लिए काम करें जिनके लिए समय और प्रयास दोनों की आवश्यकता होती है। विकास के लिए न कोई त्वरित समाधान है और न कोई जादू की छड़ी होती है।**

**लेखानुदान के रूप में प्रस्तुत 2024-25 के केंद्रीय बजट में एक बार फिर भारत की बहुआयामी गरीबी में कथित नाटकीय कमी की बात की गई है। आकर्षक सुर्खियों के तार से जुड़ी यह घोषणा पहले की घोषणाओं को दोहराती है। दावा यह है कि पिछले नौ वर्षों में 24.82 करोड़ भारतीय 'बहुआयामी गरीबी' से बाहर निकल आए हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश के करीब 6 करोड़ लोग हैं। इसके बाद बिहार के 3.80 करोड़ और मध्य प्रदेश के 2.30 करोड़ लोग हैं।**


**यह डेटा नीति-आयोग की रिपोर्ट 'नेशनल मल्टीमेंशनल पॉवर्टी इन इंडिया सिंस 2005-06- ए डिस्कशन पेपर' पर आधारित है और इसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भी उद्धृत किया गया था ताकि विकास को 'विश्वास के रथ' के रूप में बात की जा सके जो भारत को बदल रहा है। जनवरी, 2024 में विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार के प्रयासों से पिछले नौ वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। उनके शब्दों में- 'हमारी सरकार ने असंभव को भी संभव बना दिया। भारत तेजी से बदल रहा है।' यह पेपर मोदी सरकार के पिछले दो कार्यकालों को कवर करता है। संकल्प यात्रा आने वाले राष्ट्रीय चुनाव को देखते हुए दूरदराज के इलाकों में गरीबी कम करने के दावों का श्रेय लेने के लिए खुद आधिकारिक मशीनरी का उपयोग करती है। सवाल यह है कि दावा कितना उचित है और क्या यह जांच पर खरा उतरता है?**

**संक्षेप में कहें तो बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) परिवारों की आय या व्यय पर आधारित नहीं बल्कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के आंकड़ों पर आधारित है जो तीन समान शक्तिशाली आयामों- स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवन स्तर- तक पहुंच सहित 12 संकेतकों के माध्यम से मापा गया है। राष्ट्रीय एमपीआई वैश्विक एमपीआई से सभी दस संकेतकों को कायम रखते हुए इसमें दो अतिरिक्त संकेतक, मातृ स्वास्थ्य और बैंक खाते को शामिल करता है। प्रत्येक संकेतक में एक सुनिश्चित कट ऑफ होता है जिसके नीचे आ रहे व्यक्ति को वंचित माना जाता है। वंचितों का एक भारित योग अंक देता है। यदि उनका अभाव स्कोर 33.33 प्रतिशत की गरीबी कटऑफ के बराबर या उससे अधिक है तो उस व्यक्ति को एमपीआई गरीब माना जाता है।**

**एमपीआई गणना में कोविड-19 के प्रभाव को छोड़ दिया गया है मानो महामारी के दौरान स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा, जीवन स्तर पर कोई प्रभाव न पड़ा हो। इन क्षेत्रों पर महामारी के कारण आए वास्तविक प्रभाव और बोझ न केवल तत्काल बल्कि अनुवर्ती प्रभाव भी पड़ते हैं जो बाद के वर्षों में भी चलते हैं। चर्चा पत्र में कहा गया है कि 'चूंकि एनएफएचएस-5 डेटा का कुछ हिस्सा महामारी से पहले एकत्र किया गया था इसलिए इस पेपर में प्रस्तुत अनुमान अर्थव्यवस्था पर कोविड के प्रभाव या बाद के सरकारी हस्तक्षेपों के निहितार्थ को पूरी तरह से प्रतिबिंबित नहीं कर सकते हैं।'**

# राष्ट्रभक्ति के आचार्य नरेंद्र देव

**अरविंद जयतिलक (लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**




1857 की क्रांति से लेकर 15 अगस्त, 1947 तक स्वराज्य की उपलब्धि का इतिहास त्याग और बलिदान का रहा है। इस कालखंं में क्रांतिवीरों ने अपने प्राणों का उत्सर्ग कर देश की आत्मा को चैतन्यता से भर दिया। एक ऐसी लोकशक्ति का उदय किया कि देश के कोटि-कोटि नर-नारियों ने अपने प्राणों की बाजी लगा कर बरतानिया सत्ता को भारतीय भूमि से उखाड़ फेंका। इन्हीं महान व्यक्तित्वों में शुमार विलक्षण प्रतिभा के धनी स्वामी आचार्य नरेंद्र देव जी भी थे, जिन्होंने अपनी अटूट देशभक्ति से देश व समाज की सेवा की।

आचार्य जी एक महान देशभक्त के अलावा उच्च कोटि के निष्ठावान शिक्षक के साथ-साथ समाज के अंतिम पांत के अंतिम व्यक्ति की आवाज भी थे। 1899 में जब आचार्य जी 10 वर्ष के थे अपने पिता के साथ लखनऊ के कांग्रेस अधिवेशन में आए और लोकमान्य तिलक, रमेशचंद्र दत्त तथा जस्टिस रानाडे के विचारों से बहुत प्रभावित हुए। वे कम उम्र में ही गरम दल के प्रमुख समाचार पत्र विशेष रुप से ह्ववंदेमात्रमह्ल और ह्वआर्यह्ल पढ़ने लगे और शीध्र ही उनमें राष्ट्रवाद की भावना कुलांचे मारने लगी।

वीर सावरकर की पुस्तक ह्ववॉर आफ इंडियन इंडिपेंडेंसह्ल और लाला हरदयाल की पुस्तक ह्वइंडियन सोशियोलॉजिस्टह्ल से वे विशेष रुप से प्रभावित हुए। वह गरम दल का संगठन खड़ा करने के लिए इंग्लैंड जाना चाहते थे लेकिन माता की जिद् के कारण नहीं जा सके। ग्रेजुएशन के उपरांत वे सोचने को विवश हुए कि अब क्या करें? फिर उन्होंने मन ही मन राष्ट्रसेवा का व्रत ठान लिया। चूंकि उनकी कर्मभूमि फैजाबाद थी लिहाजा वे यहां अपनी सक्रियता बढ़ाते हुए वकालत के साथ-साथ राजनीतिक क्रियाकलापों में भाग लेने लगे। असहयोग आंदोलन शुरू होने के साथ ही पंडित नेहरु और शिवप्रसाद गुप्त के आमंत्रण पर काशी विद्यापीठ आ गए। उन्होंने डा0 भगवान दास जी की अध्यक्षता में काम करना शुरू किया और 1926 में अध्यक्ष बने।

विद्यापीठ के अध्यापकों और विद्यार्थियों से आचार्य जी का बड़ा लगाव रहा और यहां के विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता संग्राम और स्वतंत्र राष्ट्रीय शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। प्रयाग में रहते हुए उनके विचार और भी अधिक पुष्ट हुए। उन दिनों हिंदू बोर्डिंग हाउस उग्र विचारों का केंद्र था और वे वहां गरम दल के विचारों के हो गए। सच कहें तो आचार्य ने 1906 में जो उग्र विचारधारा अपनायी, जीवन के अंत तक उस पर दृढ़ रहे। 1916 में जब कांग्रेस के दोनों धड़ों में मेल हुआ तो वे कांग्रेस में आ गए। आचार्य जी 1916 से लेकर 1948 आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के सदस्य और जवाहर लाल नेहरु की वर्किंग कमेटी के सदस्य थे। खराब स्वास्थ्य के बावजूद भी आचार्य ने 1930 के नमक सत्याग्रह, 1932 के सविनय अवज्ञा आंदोलन और 1941 के व्यक्तिगत सत्याग्रह में साहस से भाग लिया। यही नहीं 8 अगस्त, 1942 को जब गांधी जी ने अंग्रेजों भारत का नारा दिया तो वे मुंबई में कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्यों के साथ गिरफ्तार हो गए। वे 1942-45 तक पंडित नेहरु के साथ अहमद नगर के किले में बंद रहे।

आचार्य कभी भी क्रांतिकारी दल के सदस्य नहीं रहे। लेकिन उनका उग्र विचारधारा से जुड़े क्रांतिकारियों से घनिष्ठ संबंध था। वे समय-समय पर उनकी सहायता भी करते थे। आचार्य जी समाज के कमजोर वर्ग के आर्थिक व सामाजिक जीवन में व्यापक परिवर्तन के भी हिमायती थे। उन्होंने अपने संघर्ष की उर्जा को समतामूलक समाज के निर्माण, राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और समानता की दिशा में प्रवाहित किया। उनका दृष्टिकोण स्पष्ट था कि जब तक देश के कमजोर वर्ग विशेषकर किसान व मजदूर आर्थिक रुप से सबल नहीं होंगे तब तक देश का उत्थान संभव नहीं है। 22 नवंबर, 1936 को बरेली के प्रादेशिक राजनीतिक सम्मेलन में उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा भी कि ह्वकिसानों और मजदूरों का एक स्वतंत्र संगठन बनाना आवश्यक है ह्ल उन्होंने 4 अप्रैल, 1939 को गया में अखिल भारतीय किसान सभा के अधिवेशन में भी किसानों के सवाल को प्रमुखता से उठाया और कहा कि किसानों की वर्ग चेतना पूरी तरह स्वतंत्र नहीं है और अब उन्हें संगठित कर उनके मांगों के समर्थन के लिए ब्रिटिश सरकार पर दबाव बनाना चाहिए। उन्होंने 13 जून, 1935 को भी गुजरात प्रदेश कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी के सम्मेलन में मजदूरों और किसानों को संगठित करने पर बल दिया।

आचार्य नरेंद्र देव श्रमिकों की भांति किसानों को भी वर्ग संघर्ष और परिवर्तन का उपकरण मानते थे।

जब 1930 में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने किसानों की दुर्दशा एवं उनके शोषण का अध्ययन करने के लिए एक कमेटी का गठन किया गया तो आचार्य नरेंद्र देव और डा0 संपूणार्नंद को उसका सदस्य बनाया गया। आर्चाय ने अपनी महती भूमिका का निर्वहन करते हुए जमींदारी उन्मूलन के लिए किसानों में चेतना उत्पन की और समाजवादी समाज की स्थापना के लिए संघर्ष का एलान किया। समाजवाद के संदर्भ में आचार्य के विचार बड़े स्पष्ट थे। वे समाजवाद को राजनीतिक से ज्यादा सांस्कृतिक आंदोलन मानते थे। उनका कहना था कि बिना राजनीतिक संस्कृति के राजनीतिक कार्यकताओं में न अनुशासन आ सकता है, न वे सिद्धांतनिष्ठ बन सकते हैं और न ही उनकी दृष्टि में व्यापकता आ सकती है।

समाजवाद के पितामह आचार्य नरेंद्र देव ने 1934 में जयप्रकाश नारायण, डा0 राममनोहर लोहिया एवं अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना की। कांग्रेस से बाहर आने पर 1948 में सोशलिस्ट पार्टी का जो सम्मेलन पटना में हुआ उसकी अध्यक्षता की। सच कहें तो समाजवादी आंदोलन में आचार्य नरेंद्र देव का वही स्थान है जो परिवार में पिता का या शरीर में आत्मा का होता है। आचार्य मार्क्सवादी समाजवदी थे, किंतु वे समाजवाद की प्रांसगिकता को राष्ट्रीय परिस्थितियों और आकांक्षाओं के संदर्भ में देखते थे। बौद्ध दर्शन के अध्ययन में आचार्य की विशेष रुचि थी। आजीवन वे बौद्ध दर्शन का अध्ययन करते रहे।

अपने जीवन के अंतिम दिनों में उन्होंने ह्वबौद्ध-धर्म-दर्शनह्ल पूरा किया। उन्होंने अभिधर्मकोष प्रकाशित कराया और अभिधम्मत्थसंहहो का हिंदी अनुवाद किया। आचार्य ने ह्वविद्यापीठह्ल त्रैमासिक पत्रिका, ह्वसमाजह्ल त्रैमासिक, ह्वजनवाणीह्ल मासिक, के अलावा ह्वसंघर्ष और ह्वसमाजह्ल साप्ताहिक पत्रों का संपादन किया। सच कहें तो आचार्य जी एक ऐसे राजनीतिक विचारक, लेखक, चिंतक, शिक्षाशास्त्री व पत्रकार थे जिनके चिंतन, मनन और आचरण-व्यवहार में समाज व राष्ट्र के प्रति स्पष्ट मूल्यबोध और प्रतिबद्धता झलकती थी। राजनीतिक चेतना और विद्वता का उनमें अद्भुत सामंजस्य था। वे संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, फारसी, बांग्ला, पाली, फ्रेंच और प्राकृत भाषाएं अच्छी तरह जानते थे। उन्होंने ह्वमेरे संस्मरणह्ल शीर्षक रेडियो वार्ता में कहा है कि ह्वमेरे जीवन में सदा दो प्रवृत्तियां रही हैं-एक पढ़ने-लिखने की और दूसरा राजनीति की, इन दोनों में संघर्ष रहता है। यदि दोनों की सुविधा एक साथ मिल जाए तो बड़ा परितोष रहता है और यह सुविधा मुझे विद्यापीठ में मिली। इसी कारण वह मेरे जीवन का सबसे अच्छा हिस्सा है जो विद्यापीठ की सेवा में व्यतीत हुआ।ह्ल शिक्षा और भारतीय संस्कृति के क्षेत्र में आचार्य जी ने जो मानदंड गढ़े हैं वह भारत के लिए अमूल्य देन है।

उन्होंने अपने साहित्य के द्वारा भारतीय संस्कृति के संदेश को दुनिया भर में प्रसारित किया। भारत में समाजवाद को राष्ट्रीयता और किसानों के सवाल से जोड़ना आचार्य नरेंद्र देव की भारतीय समाजवाद को एक महान देन है। स्वधर्म व देश के लिए आचार्य जी ने देशवासियों में जो प्रेम व स्वाभिमान उत्पन किया और सेवा के लिए जो भावना पैदा की उसका इतिहास में अविस्मरणीय स्थान है। देश के मौजूदा सियासतदानों को भी आचार्य नरेंद्र देव के राष्ट्रवादी विचारों से सबक लेते हुए राष्ट्र की सेवा के लिए तत्पर होना चाहिए। यह भारत राष्ट्र का सौभाग्य है कि उसके नागरिक स्वतंत्र है और देश स्वयं अपने भाग्य का विधाता है। लेकिन ध्यान देना होगा कि यह स्थिति हमें अचानक प्राप्त नहीं हुई है। इसके लिए आचार्य नरेंद्र देव सरीखे अनगिनत महापुरुषों ने दीर्घकाल तक आजादी की अलख जगायी और अपने प्राणों की आहुति दी।

## अस्पतालों की खराब सेहत का जिम्मेदार कौन ?



**जितेन्द्र बच्चन**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

हमारे संविधान में स्वास्थ्य को मौलिक अधिकार का दर्जा दिया गया है। सरकार बीच-बीच में लोक-लुभावनी घोषणाएं भी करती रहती है। इसके बावजूद देश का नागरिक स्वास्थ्य को लेकर सर्वाधिक प्रताड़ित है! तमाम सरकारी अस्पतालों की सेहत ठीक नहीं लगती। गरीबों के लिए जो सरकारी अस्पताल खोले गए हैं, उनमें से अधिकतर बीमार दिखते हैं। कहीं डॉक्टर नहीं मिलते तो कहीं विशेषज्ञ नहीं होते। भीड़ में जब तक मरीज डॉक्टर तक पहुंचता है, उनका देखने का समय खत्म हो चुका होता है। डाक्टर मिल भी जाते हैं तो दवा नहीं उपलब्ध होती। दवा होगी तो डॉक्टर साहब नहीं होते, बल्कि उनके स्थान पर कोई नर्स अथवा वार्डब्वाय काम कर रहा होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते हैं भारत अमृत काल में है। लेकिन 70 दशक बाद के हालात बताते हैं कि अस्पतालों में आज भी मरीजों की लंबी-लंबी कतारें लगती हैं। बहुत कुछ ऑनलाइन हो चुका है, फिर भी एम्स में ऑपरेशन के लिए तीन महीने बाद की डेट मिलती है। चिकित्सक अनुभवी और बड़े साहब के नाम से विख्यात हैं पर मरीज की नब्ज देखकर कुछ नहीं बताते। कहते हैं, ह्वपहले टेस्ट कराओ फिर इलाज शुरू करेंगे ह्ल मतलब समझ गए न आप, सबकुछ जांच और टेस्ट रिपोर्ट पर निर्भर है। कहने को सरकारी अस्पताल है लेकिन पूरा भ्रष्टाचार है! परीक्षण या डाक्टर की फीस का कोई रेट फिक्स नहीं है। जितनी मर्जी होती है, मरीज से डॉक्टर वसूल लेता है। शायद इसीलिए अल्ट्रासाउंड की बात छोड़िए, सरकारी अस्पतालों में एक्स-रे मशीन तक खराब मिलती हैं।डॉक्टरों की पैथोलॉजी और केमिस्ट के साथ पूरी साठ-गांठ होती है। डाक्टर दवा वही लिखता है जिसे लिखने के लिए दवा कंपनियां चिकित्सकों को महंगे तोहफे देती हैं। वह दवा अस्पताल में नहीं मिलेगी और बाहर से ली जाएगी तो केमिस्ट का बिल मरीज कर्ज लाकर चुकाए या घर-द्वार बेचे, साहब के कमीशन का एक हिस्सा पक्का रहता है। भारतीय कानून में यह अपराध है लेकिन कुछ डॉक्टरों को कोई फर्क नहीं पड़ता। यहां तक कि सरकार की आयुष्मान योजना के तहत भी भ्रष्टाचार हो रहा है। कुछेक अस्पताल तो खूब चांदी काट रहे हैं।

लेकिन हम यहां सरकारी अस्पतालों की बात कर रहे हैं। जिन गरीबों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, उनका मर्ज लाइलाज होता जा रहा है। गांव-देहात से शहर आकर बड़े अस्पतालों में इलाज कराने वाले मध्यम श्रेणी के लोगों की जमीन-जायदाद बिक जाती है। सरकारी डाक्टरों को अगर गांव-देहात में तैनाती दी जाती है तो वे कतई जाने को राजी नहीं होते। शहर की कमीशनखोरी उनके मुंह लग चुकी होती है। कई डॉक्टर तो नौकरी छोड़ने तक की धमकी दे देते हैं। हैरानी तो इस बात की है कि सरकार के पास भी इसका कोई बहुत अच्छा विकल्प नहीं है। वह चाहते हुए भी नफरमानी करने वाले डॉक्टर के खिलाफ कोई कार्यवाही शायद ही करती हो। अगर करे तो सामने सवाल खड़ा होता है- दूसरा डाक्टर कहां से आएगा?

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के अनुसार, देश में डॉक्टर की जनसंख्या अनुपात 1:834 है। सरल शब्दों में कहें तो 834 मरीजों पर एक डॉक्टर और 476 लोगों पर केवल 1 नर्स है। ऐसे में स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होनी लाजिमी हैं। यही कारण है कि जांच में सरकारी स्तर पर दर निर्धारण का अधिकार जिला स्वास्थ्य अधिकारी को होता है फिर भी देश के अधिकांश जिलों में वर्षों से नई दरें लागू नहीं हुई हैं। इसके अलावा महंगी शिक्षा और निजी चिकित्सा शिक्षा संस्थानों की अनैतिक वसूली का चक्रव्यूह भी इन स्थितियों के लिए जिम्मेदार है। कई बार तो चिकित्सा शिक्षा में प्रवेश को लेकर भी अनियमितताएं बरती जाती हैं! ऐसे में जब एक व्यक्ति डॉक्टर बनने के लिए लाखों रुपये खर्च कर चुका होता है तो महंगाई के इस युग में डॉक्टर बनने के बाद उससे सामाजिक होने की उम्मीद कैसे की जा सकती है? सरकार को अस्पतालों की सेहत में सुधार लाना है और देश के आम नागरिक के आर्थिक व सामाजिक हितों की रक्षा करनी है, तो उसे पूरे चिकित्सा तंत्र में बदलाव लाना होगा।

# भाजपा के दलदल में अनाथ कमलनाथ

@ राकेश अचल
achalrakesh1959@gmail.com



भारत की राजनीति में जिस दल-बदल को रोकने के लिए कांग्रेस की सरकार किसी जमाने में कानून लेकर आई थी, वो कानून इतना कमजोर साबित हुआ की कांग्रेस के 78 वर्षीय नेता कमलनाथ भी राजनीति से सन्यास लेने के बजाय पुनर्वास की आस में अपनी मातृ संस्था कांग्रेस से सपरिवार किनारा कर रहे हैं। कांग्रेस के लिए इसमें हैरानी की कोई बात इसलिए नहीं है क्योंकि ऐसा होना तय था, लेकिन भाजपा इन 'नौना' लगी ईंटों से अपने किले को कितना मजबूत कार पाएंगी ये महत्वपूर्ण मुद्दा है।

तीसरी बार सत्ता में आने को लालायित भाजपा और उसके नेता इतने बावरे हो गए हैं कि अपना कुनवा बढ़ाने के लिए अब जात-पांत, भेद-भाव और रंग-रूप तो दूर शरणार्थियों का डीएनए भी नहीं देख रहे। पहले भाजपा को बिभीषण प्रजाति के लोगों की महती आवश्यकता थी लेकिन अब वे जामवंत प्रजाति तक को अपने यहां प्रवेश दे रहे हैं। शरणार्थियों को भाजपा में मुंहमांगी कीमत मिल रही है सो अलग, भाजपा इस समय राजनीति का ऐसा संगम है जिसमें सना-ध्यान करने के बाद किसी भी पापी, महापापी के पाप धूल सकते हैं। 1984 के दंगों के एक आरोपी कमलनाथ का नाम भी अब इन शर्णार्थियों में शामिल हो रहे हैं।

कमलनाथ को पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी का तीसरा बेटा कहा जाता था। क्यों कहा जाता था ये कांग्रेसी जानें और कमलनाथ? लेकिन हम और देश ये जानता है कि कांग्रेस ने बूढ़े हो चुके कमलनाथ को जितना दिया उतना कोई पार्टी अपने किसी नेता को नहीं दे सकती। कांग्रेस ने कमलनाथ को एक -दो बार नहीं बल्कि पूरे 9 बार संसद में भेजा। केंद्र की कांग्रेस सरकार में मंत्री बनाया। जब कांग्रेस सत्ता में नहीं रही तब कांग्रेस ने कमलनाथ को पार्टी का महासचिव तक बनाया और आखिर में मध्यप्रदेश का मुख्यमंत्री बनाया। उनके बेटे नकुलनाथ को संसद की सीढ़ी चढ़वाई और तो और कमलनाथ को पात्र न होते हुए भी मप्र कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया, प्रतिपक्ष का नेता बनाया, लेकिन कमलनाथ का लालच नहीं मरा और आखिर में राजयसभा न भेजे जाने से खफा होकर वे भाजपा यानि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के श्रीचरणों में जा बैठे।

कांग्रसी से भाजपाई हो रहे कमलनाथ की यदि कोई योग्यता थी तो ये कि वे इंदिरा गाँधी के बेटे संजय गांधी के सहपाठी थे और इसका उन्होंने भरपूर लाभ उठाया। इंदिरा गाँधी के जमाने में ही नहीं बल्कि इंदिरा गाँधी के बाद राजीव गाँधी की सरकार में भी और अंत तक डॉ मन मोहन सिंह की सरकार में भी वे हमेशा नेहरू-गांधी परिवार की आँख का तारा बने रहे। एक सांसद के रूप में और एक मंत्री के रूप में कमलनाथ की उपलब्धियों के मुरीद हमारे एक वरिष्ठ पत्रकार साथी दिल्ली के राकेश कपूर हैं, लेकिन अब वे क्या कहेंगे मै नहीं जानता ? कमलनाथ ने सत्ता के लालच में अपनी मातृ संस्था कांग्रेस, अपने संरक्षक नेहरू-गांधी परिवार का ही नहीं बल्कि उन तमाम लोगों के साथ विश्वासघात किया है जो कमलनाथ को पक्का कांग्रेसी मानते थे।

भाजपा में जाकर कमलनाथ और उनके बेटे नकुलनाथ को ईडी, सीबीआई और भविष्य में जेल यात्राओं से मुक्ति सम्भव है लेकिन उन्हें जो श्राप इंदिरा गाँधी, संजय गाँधी और राजीव गांधी की आत्माएं देंगीं उससे निजात नहीं मिल सकती। श्रीमती सोनिया गाँधी और सड़कों पर उतरकर कांग्रेस के लिए संघर्ष कर रहे राहुल गांधी की आह भी कमलनाथ को चैन से नहीं जीने देगी। भाजपा के लिए वे कांग्रेस के जामवंत से ज्यादा नहीं हैं। सुग्रीव से ज्यादा नहीं है। ऐसे लोगों के लिए लंकेश ने खुद कहा था -

'तुम्ह सुग्रीव कूलद्रुम दोऊ। अनुज हमार भीरु अति सोऊ॥
जामवंत मंत्री अति बूढ़ा। सो कि होइ अब समरारूढ़ा॥'

आने वाले दिनों में 2024 के आम चुनाव में कमलनाथ भाजपा का कोई लाभ नहीं कर सकते। भाजपा के पास 2019 में मप्र की 29 में से 28 सीटें तो पहले से थीं। अब ज्यादा से ज्यादा एक सीट का और इजाफा हो जाएगा, लेकिन भाजपा को कमलनाथ के भाजपा में आने से जो नुक्सान होगा उसकी कल्पना न मोदी जी को है और न अमित शाह को। कांग्रेस को तो मप्र में जो नुक्सान होना था, वो विधानसभा चुनाव में कमलनाथ की वजह से हो ही चुका है। कमलनाथ की वजह से 2020 में कांग्रेस मप्र में अपनी सत्ता और ज्योतिरादित्य सिंधिया जैसा नेता पहले ही खो चुकी है। इसलिए कांग्रेस को कमलनाथ और उनके बेटे के भाजपा में जाने से कोई फर्क नहीं पड़ेगा। कमलनाथ का कुनवा तो सिंधिया के कुनबे से भी छोटा है। उनके साथ 20 विधायक भी नहीं है। फर्क अब सिंधिया को पडेगा। वे कमलनाथ का स्वागत कैसे करेंगे ? सिंधिया ने तो कमलनाथ की मिमक्री कर-करके ही भाजपा में जगह बनाई थी।

भाजपा कांग्रेस को जनादेश के जरिये ध्वस्त नहीं कर पा रही है, इसलिए मजबूरन उसे तोड़फोड़ के जरिये, खरीद-फरोख्त के जरिये, सौदेबाजी के जरिये कांग्रेस से जूझना पड़ रहा है। भाजपा ने महाराष्ट्र में यही अभियान चला। वहां पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण को पार्टी में शामिल किया जबकि वे भाजपा के महाभ्रष्ट कांग्रेसी नेताओं की सूची में थे। कमलनाथ तो सिख दांगों के आरोपी थे ही। लेकिन भाजपा को अब इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। भाजपा तो हजारों करोड़ के भ्रष्टाचार के आरोपी एनसीपी नेता अजित पंवार को भी अपने कन्धों पर लादकर चल रही है। यानि आज देश के सामने भाजपा एक ऐसी मजबूर पार्टी के रूप में खड़ी है जो सत्ता में बने रहने के लिए केर-बेर में फर्क करने की क्षमता खो चुकी है। भाजपा को अब आपने शाखामृगों की क्षमता पर भरोसा नहीं रहा। बेचारी भाजपा के नेता भानुमति बन गए हैं।

मै अक्सर विनोद में कहा करता हूँ कि अगले आम चुनाव तक भाजपा का नाम भाजपा [आई ] हो जाएगा। क्योंकि कांग्रेस के नेताओं को भाजपा जिस गति से अपनी पार्टी में शामिल कर रही है उसे देखते हुए मूल भाजपाई कहीं अल्पसंख्यक न हो जाएँ। एक जमाने में कांग्रेस जब विभाजत हुई थी तब उसके नाम के साथ [आई ] शब्द अंकित हुआ था। मजे की बात ये है कि भाजपा के कांग्रेसीकरण के इस अभियान को नागपुर का भी समर्थन हासिल है। नागपुर को भी आपने स्वयं सेवकों की क्षमता पर शायद भरोसा नहीं है। अन्यथा नागपुर 2024 के रण के लिए अपनी फौज में आँखें बंद कर कांग्रेसियों की भर्ती न करता।

बहरहाल मप्र में भाजपा का कमलनाथकरण तब हो रहा है जब कांग्रेस के सेनापति राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर मध्यप्रदेश में प्रवेश कर रहे हैं। उनके स्वागत के लिए ही भाजपा ने कमलनाथ को आपने कन्धों पर बैठाया है। इससे पहले जब वे बिहार में थे तब भाजपा ने जदयू के नीतीश कुमार की पालकी उठाई थी। उससे पहले झारखंड में कांग्रेस के सहयोगी झामुमो के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल भेजा था। आगे भी ये सिलसिला जारी रहने वाला है। इसलिए किस राज्य में, कौन सा कमलनाथ भाजपा का हाथ थाम ले कहना कठिन है। लेकिन एक बात तय है कि तीसरी बार सत्ता में आने के बाद भी ये देश न हिन्दू राष्ट्र बन पायेगा और न इस देश की राजनीति से कांग्रेस हमेशा के लिए गायब हो पाएगी, क्योंकि कांग्रेस आखिर कांग्रेस है। कांग्रेस का सर्वनाश फिलहाल असम्भव दिखाई देता है।

# मानवीय शक्ति की क्रांति और प्राकृतिक ऊर्जा की जुगलबंदी विकास की कसौटी

जब हम अपने विकास का इतिहास देखते हैं तो ब्रिटिश सत्ता के दौरान हमारे संसाधनों का प्रकृति का अंधाधुंध दोहन होता रहा है। आजादी हमें मिली है यानी कि मानव को परंतु प्रकृति आजादी से अछूती रही है। अमूमन हमारी जरूरत रोटी, कपड़ा, मकान और जल की थी कि हमको उद्योग धंधे का विकास तीव्र गति से करना पड़ा। मशीनें जीती बड़ी से बड़ी होती गई आदमी उतना ही बौना होता गया। कृषि में नई नई तकनीक ट्रैक्टर, रसायनिक उर्वरक, कीटनाशकों के प्रयोग से भूमि बंजर होकर कराहाने लगी। विकास का सही मायने माननीय शक्तियों के साथ ऊर्जा और उसकी शक्ति तथा सामर्थ्य का सही उपयोग ही होगा। जब से हमने विकास के पथ पर उड़ान भरी है उद्योगों की चिमनी यों को ऊपर उठाया मोबाइल क्रांति का बटन दबाया ई-मेल पर सवार होकर विश्व संदेश को सुना तब से हमारे झरनों का कल कल स्वर और संगीत बंद हो गया, पक्षियों का कलरव बंद हो गया पक्षी अब चीत्कार कर रहे हैं।

नदी नाले सूखकर मृतप्राय हो गए हैं। समुद्र की लहरों की झंकार विलुप्त हो गई है और पानी खारा और खारा हो गया है। अब हमें यह सोचना है कि विकास के नाम पर हमें ग्रीन इंडिया चाहिए या इंटरनेट की सवारी कर डिजिटल इंडिया चाहिए। बच्चों की झोली में इंटरनेट को डालकर डिजिटल जेनरेशन का सपना देखना चाहिए या प्रकृति की गोद में सुगंधित वायु की लहरों में खो जाना चाहिए। झरनों में बैठकर नौका विहार का आनंद लेना चाहिए या कंप्यूटर में बैठकर नेट खोल कर नन्हे मुन्ने की आंखों पर जोर डालकर उन्हें चश्मा वाला बनाना चाहिए। हरा भरा हिंदुस्तान यानी कि ग्रीन इंडिया और डिजिटल इंडिया का सपना नदी के दो कभी ना मिलने वाले किनारे हैं। विकास के नाम पर असीमित उद्योग धंधों की बाढ़ आ गई है। भूमि समाप्त हो रही है साथ ही हमारी वायु विषैली हो गई है। रात में शहरी मकानों मैं बिजली के झालरों के सामने आकाश में रात्रि के तारों की चमक फीकी पड़ गई है। जंगलों को हम ऐसे साफ करते गए जैसे सड़क पर रोड रोलर चला रहे हैं। नगर बने ,महानगर बने ,मकान बने किंतु अब घर गायब होते गए, हमें तब सुध आई जब चिड़िया चुग गई खेत, हमें विकास के नाम पर मानव सभ्यता से जुड़ी जमीन पानी, हरियाली,पक्षी जानवर सब चाहिए केवल अंधाधुन्ध कंक्रीट का विकास या इंटरनेट की रफ्तार नहीं चाहिए। इसके लिए हमें संसाधनों के अंधाधुंध प्रयोग पर अंकुश लगाना होगा। संसाधनों का इस्तेमाल अतिरेक में नहीं होना चाहिए । महात्मा गांधी ने खुद कहा है कि पृथ्वी पर सभी की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संसाधन है, किंतु मानव की लालच को पूरा करने का कोई साधन नहीं है। हम प्राकृतिक परियोजना तथा परिस्थितिकी की परियोजनाओं का स्वागत करना होगा सम्मान करना होगा। हमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर, पवन, बायोगैस, ज्वार तरंग लहरों को ऊर्जा का आधार बनाना होगा।

भारत में परिस्थितियां बड़ी विषम है एक तरफ सोडियम लाइट से नहाती दिल्ली ,मुंबई ,बेंगलुरु की रंगीन सड़कें हैं, ऊंची ऊंची इमारतें हैं, तेज गति की मेट्रो है,वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का लुफ्त उठाते हुए युवक युवतियां है, दूसरी तरफ पसीने से भीगा हुआ किसान हैं। कैरोसिन की चिमनी में बच्चों को कहानी सुनाती माताएं हैं। यानी कि इतनी डिजिटल विषम बताएं भारत के अलावा विश्व के किसी भी कोने में नहीं है। भारत में विकास के नाम पर डिजिटलाइजेशन करने की आवश्यकता जरूर है पर गांव जंगलों नदियों और प्राकृतिक संसाधनों के निरस्तीकरण और विनाश की कीमत पर नहीं। हमें यह साबित करना होगा कि भारत के विकास की हरित क्रांति के साथ-साथ डिजिटल इंडिया भी विकास की गति को बढ़ा रहे हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत कि हरित क्रांति का विकास ही डिजिटल इंडिया का स्वप्न को भी पूरा करेगा। इसके लिए स्वच्छ साफ-सुथरे संसाधन जैसे जल, खनिज, यूरेनियम ,थोरियम नहीं होगा तब तक नाभिकीय रिएक्टर की भट्टीयां कैसे चलेंगी। किसी कवि ने कहा है,
जो घर बनाओ तो एक पेड़ भी लगा लेना,
पंछी सारे उपवन के चहचहा उठेंगे।

विकास का जो भी रास्ता या नक्शा हम तैयार करेंगे निश्चित तौर पर वह मार्ग हरित क्रांति या हरित विकास से होकर गुजरेगा, जिससे हम अपनी 131 करोड़ जनसंख्या को स्वच्छ वातावरण दे पाएंगे और एक नए भारत की कल्पना को साकार कर पाएंगे।

**संजीव ठाकुर, स्तम्भकार,चिंतक, लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415**

# मोदी सरकार ने कौशल विकास को बनाया मंत्रालय: आलोक पाण्डेय

## वंशवादी-जातिवादी राजनीति ने दलितों का वोट लियाः आशीष कोल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** छात्रावासों में जाकर दलित छात्रों से भाजपा जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने संवाद कर भाजपा सरकार के विकास कार्यों पर चर्चा की। संवाद की शुरूआत बरगढ के जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के छात्रावास में मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि से हुई।

रविवार को बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश मंत्री आशीष कोल व अध्यक्षता प्राचार्य प्रदीप ने की। छात्रों से संवाद करते हुए भाजपा जिला महामंत्री आलोक पांडेय ने कहा कि 2014 से पहले किसी ने स्टार्टअप के बारे


छात्रावास में बोलते आलोक पाण्डेय।

में नहीं सुना था। 2014 से अब तक 95 हजार से ज्यादा स्टार्टअप पंजीकृत हुए हैं। सौ से अधिक स्टार्टअप यूनिकॉर्न बन चुके हैं। मोदी चाहते हैं कि युवा जॉब सीकर न बनें, भाजपा की सरकार में युवाओं को रोजगार के ज्यादा अवसर मिले। मुद्रा योजना, पीएम स्वरोजगार सृजन, कौशल विकास से करोड़ो रोजगार बने हैं। 2014 के पहले सरकारों ने युवाओं के कौशल विकास पर नहीं सोचा था। मोदी ने युवाओं के कौशल विकास को अलग मंत्रालय बनाये। मोदी निवेश आकर्षित कर भारत को मैनुफैक्चरिंग हब बना रही है। भाजपा एसटी मोर्चा प्रदेश मंत्री आशीष कुमार ने बताया कि भीमराव अम्बेडकर के नाम से लोगो ने पार्टियां बनाकर वोट हथियाये, सरकारें बनाई, किसी ने दलित समाज के उत्थान व विकास को काम नहीं किया। वंशवादी जातिवादी राजनीति करने वालों ने तिजोरी भरी। वंशवादी जातिवादी राजनीति करने वालों ने दलितों आदिवासियों की उपेक्षा की। भाजपा की मोदी सरकार ने दलितों के विकास को काम किया। कार्यक्रम में लवकुश श्रीवास, अखिलेश रैकवार, दुर्गेश त्रिपाठी, राघव अग्रवाल, गोविन्दा, आलोक कुशवाहा समेत सैकड़ों दलित युवा मौजूद रहे।

## पुलिस भर्ती परीक्षा में दो गिरफ्तार

**चित्रकूट।** जिले में पुलिस भर्ती परीक्षा में स्वामी रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय केन्द्र पर दूसरी पाली में संदीप कुमार पुत्र रामधनी यादव निवासी ठाकुर का पुरवा मुतजार्पुर तहसील कुण्डा थाना संग्रामगढ़ जिला प्रतापगढ़ के स्थान पर अजय कुमार पुत्र रामकिशोर निवासी तुलापुर मुकुंदपुर तहसील सोरांव थाना होलागढ़ जिला प्रयागराज परीक्षा दे रहा था। पूंछतांछ में अजय कुमार ने बताया कि एक डीपी नाम से पांच लाख रुपए में परीक्षा पास कराने की डील हुई थी।

रविवार को गंगा प्रसाद जनसेवा इण्टर कॉलेज कर्वी में प्रथम पाली में आकाश शर्मा पुत्र श्रीनाथ शर्मा निवासी रामगढ़ विकरा थाना देवसरा जिला प्रतापगढ के स्थान पर राकेश कुमार पुत्र अमरिक प्रसाद निवासी चण्डी थाना चण्डी जिला नालंदा बिहार परीक्षा दे रहा था। वेद नामक लड़का माध्यम था। दोनो पालियों में परीक्षा दे रहे फर्जी अभ्यर्थी व द्वितीय पाली में परीक्षा दे रहे मूल अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में कोतवाली कर्वी में मामला दर्ज हुआ है।

## स्वच्छ बसंत में चलाया स्वच्छता अभियान

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ बसंत अभियान में कामदगिरि स्वच्छता समिति ने 104वां स्वच्छता अभियान चलाया। ईओ लालजी यादव ने कहा कि स्वच्छता के बारे में लोगों से कहते हैं या सुनते हैं। साफ-सफाई जीवन का अहम पहलू है। ये हमारे जीवन की पहली जरूरत है।

रविवार को कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केसरवानी ने कहा कि साफ-सफाई के मतलब स्वच्छता या गंदगी आसपास माहौल को प्रभावित करती है। व्यक्तिगत व आसपास सफाई रखनी चाहिए। रोगियों की बढ़ती संख्या व अस्पतालों में इस बात के खास मायने हैं। प्रदूषण से बचने को कचरे का प्रबंध बहुत जरूरी है। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि सुधार होगा, हफ्ते में दो घंटे स्वच्छता को निकाले। स्वच्छ भारत मिशन के जिला प्रबंधक शिवा कुमार ने कहा कि देश में स्वच्छता पर ध्यान नहीं दिया


अभियान चलाते समिति के लोग।

जाता। स्वच्छता घर की जरूरत ही नहीं, राष्ट्र की भी जरूरत है। स्वच्छ भारत मिशन का उद्देश्य है कि कोना-कोना सुन्दर रखना है। इस मौके पर जितेंद्र केसरवानी, राजेंद्र त्रिपाठी, कृष्णा शुक्ला, अंकुर केसरवानी, जानकी कुशवाहा, विनोद कुमार आदि ने सहयोग किया।

## पैदल गश्त कर पुलिस ने सुरक्षा का दिया भरोसा

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर आगामी पर्व शबे बारात व बसंत पंचमी के मद्देनजर शान्ति एवं सुरक्षा को मजबूत बनाने को थाना/चैकी प्रभारियों ने मिश्रित आबादी क्षेत्र व भीड़भाड़ के स्थानों पर पैदल गश्त किया। रविवार को पुलिस टीमों ने दुकानदारों, व्यापारी बंधुओं व क्षेत्रीय लोगों से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिया। पैदल गश्त दौरान पुलिस टीमों ने सरकारी शराब दुकानों की जांच की। दो व चार पहिया वाहनों की भी जांच हुई। जांच दौरान यातायात नियम विरूद्ध मिले 11 वाहनों से 40 हजार रुपए का ई-चालान किया। दो ट्रक खनिज सामग्री लदे मिलने पर प्रपत्र न होने पर एमबी एक्ट के तहत सीज किया।


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

## हजारों लोगों ने भंडारे में चखा प्रसाद

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** श्री-श्री 108 परमहंस आश्रम धारकुंडी के महाराज के वरिष्ठ शिष्य चेतनानंद महाराज की चौथी पुण्यतिथि पर जगदीश स्वामीनारायण मंदिर कल्याणपुर में भव्य भंडारा हुआ।

रविवार को भंडारे में आसपास के गांव समेत दूर- दराज क्षेत्र के 20 हजार लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के आयोजन की व्यवस्था का श्रेय श्री-श्री संजय बाबा महाराज को है। स्वामी जगदीश मंदिर में प्रतिवर्ष चेतनानंद जी महाराज की पुण्यतिथि पर विशाल भंडारा होता है। जिसमे क्षेत्र के लोग भारी तादाद में हिस्सा लेते है।

# मासूमों की मौत के चार दिन बाद भी किसी पर नहीं हुई कार्रवाई

## आखिर कब आयेगी जांच रिपोर्ट

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** बुंदेलखंड गौरव महोत्सव में आतिशबाजी स्थल पर चार मासूम बच्चों की मौत के चार दिन बाद भी किसी दोषी पर कार्यवाही नहीं हुई। सुरक्षा में बड़ी लापरवाही के बाद भी सवाल है कि मासूमों की मौत का जिम्मेदार कौन है। चार मासूमों की मौत के जिम्मेदार को जांच टीम चिन्हित नहीं कर पा रही।

रविवार को चित्रकूट इंटर कॉलेज परिसर में बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव में खतरनाक आतिशबाजी के औचित्य पर तमाम लोगों ने सवाल खडे किये हैं। कर्वी माफी के सुनील कुमार ने कहा कि मंगलवार व बुधवार


मासूमों की मौत पर पीएम में लगी भीड।

को बाइक से आतिशबाजी वाले स्थल तक गए थे। वहां तकरीबन तीन दर्जन छात्र खड़े थे। कुछ दूरी पर कक्षा में बच्चे पढ़ रहे थे। आयोजक या व्यवस्थापक ने किसी को हटाने के प्रयास नहीं किये। सुरक्षा के कोई खास इंतजाम नहीं थे। आने-जाने में किसी को मनाही नहीं थी। अग्निशमन अधिकारी सतीश कुमार ने कहा कि खतरनाक आतिशबाजी की अनुमति नहीं ली गई थी। जिला प्रशासन के निर्देश पर दो सिपाही वाहन समेत भेजे थे। एडीजी भानु भास्कर ने कहा कि जांच रिपोर्ट आने पर सभी सवालों के जवाब मिलेंगे। कॉलेज के अंदर खतरनाक विस्फोटक सामग्री रखने व लगाने की अनुमति किसने दी। कॉलेज प्रबंधक भाजपा के पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्र व सपा विधायक अनिल प्रधान ने आयोजकों की मंशा पर गंभीर सवाल खडे किये हैं। इस बाबत एडीजी भानु भास्कर ने कहा कि किसी दोषी को नहीं छोडेंगे। विस्फोट की जांच आगरा व प्रयागराज टीम ने की है। एडीजी की मौजूदगी में फोरेंसिक व विस्फोट सामग्री की जांच टीम ने दो घंटे तक तथ्य जुटाये। कर्वी माफी के प्रभात, मोहित, पारस व यश के बम धमाके से चीथड़े उड़ गए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सदर कोतवाली में आतिशबाजी कंपनी व कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के औचित्य पर भी सवाल उठे हैं।

## अंधाधुन्ध के शासन में घटाटोप का राज

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले को इन दिनों तीन तिलंगों की टीम चला रही है। ये जिला भगवान भरोसे चल रहा है। वैध-अवैध ढंग से दौलत लूटने वाले तीन तिलंगें कभी जनता की रहनुमाई नहीं करते, वे हमेशा डीएम-एसपी की रहनुमाई में लगे रहते हैं। जनता की आवाज व जनता की परेशानी इनके लिए कोई मायने नहीं रखती। जनता को ये तीन तिलंगे इस तरह से हांकते हैं जैसे जनता उनकी गुलाम हो। पता नहीं ये कैसे चुनाव जीत लेते हैं, इस बार इनके चुनाव जीतने पर भी लोग सवाल खडे कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि जनता की रहनुमाई न कर डीएम-एसपी के ये तीनों रहनुमा बने हैं। इन्हें अब डीएम-एसपी ही चुनाव जितायेंगे। अपने निहित स्वार्थों में ये तीन तिलंगे इस कदर अंधे हो गये हैं कि उन्हें जनता से अब कोई सरोकार नहीं है। बनते तो ऐसे हैं जैसे जनता उनके लिए भगवान हों, लेकिन इनकी दशा अंधा मुल्ला, टूटी मस्जिद जैसी है। ये तीनों जिले को ऐसे चला रहे हैं, जैसे अंधाधुन्ध के शासन में घटाटोप का राज हो- मूर्ख राजा के राज में कुटिल लोगों की बन आती है। ठीक इसी प्रकार ये तीनों कुटिल चाल से जिले को चला रहे हैं। शासन स्तर पर झूंठी व विशुद्ध गलत सूचना देकर जिले को मनमानी ढंग से लूटने की तीन तिलंगों की चाल है। इस चाल का जल्द खुलासा किया जायेगा।

## 22 को जानकीकुण्ड में लगेगा हृदय रोग कैंप

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** परमहंस संत रणछोड़दास जी महाराज के स्थापित संस्थान श्री सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट संचालित जानकीकुंड चिकित्सालय में 22 फरवरी को हृदय रोग कैंप लगेगा। कैंप में दिल्ली मैक्स हार्ट अस्पताल के डा पवन कुमार सिंह सेवा देंगे।

रविवार को जानकीकुण्ड चिकित्सालय के प्रशासक डा एबीएस राजपूत व जनरल वरिष्ठ सर्जन डा पूनम अडवाणी ने बताया कि ग्रामीण अंचल में अच्छी चिकित्सा का अभाव है। जनहित में श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट एवं चिकित्सालय टीम ने


जानकारी देते डॉक्टर।

फैसला लिया है कि जानकीकुण्ड चिकित्सालय में जनरल सर्जन, जनरल फिजिशियन, हड्डी रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विषेज्ञ, फिजियोथरैपी, गैनकोलाजिस्ट आदि के डॉक्टर तो हैं। अन्य बीमारियों के डॉक्टर नही है। हर महीने टीबी कैंप, न्यूरो कैंप, नाक-कान-गला कैंप आम जनता को लाभ पहुंचाने को लगने लगे हैं।

आजकल सबसे ज्यादा लोग हृदय की बीमारियों से ग्रसित हैं। हृदय रोग कैंप लगाने का निर्णय हुआ है। 22 फरवरी को दिल्ली मैक्स अस्पताल के हृदय रोग विशेष डा पवन कुमार सिंह कैंप से हृदय रोगियों को देखेंगे। श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी/डायरेक्टर डा बीके जैन ने क्षेत्र के लोगों से अपील किया है कि ये कैम्प हृदय रोगियों के लिए लाभदायी है। कैम्प में आकर लाभ उठायें। 22 फरवरी तक पंजीयन जानकीकुंड अस्पताल में करा लें।

## युवक की गोली लगने से मौत

**चित्रकूट।** भरतकूप थाना क्षेत्र के रसिन गांव के फाटा पुरवा में एक युवक की गोली से मारने की घटना सामने आई है। मौत बाद परिजनों में कोहराम है। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। ये हत्याकांड शनिवार की रात हुआ। बताया गया कि फाटा पुरवा के रामबाबू पटेल घर के अंदर अकेले सो रहा था। परिजन रिश्तेदारी में निमंत्रण में गये थे। अज्ञात लोगों ने रामबाबू को गोली मार दी। इससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। परिजन जब निमंत्रण से लौटकर आये तो रामबाबू घर से बाहर नहीं निकला। परिजनों ने आवाज लगाई, कुछ देर न बोलने पर इधर-उधर झांकने लगे। वह खून से लथपथ दिखाई दिया। परिजनों में हड़कंप मच गया। गांव में चीख पुकार मच गई।

# बम्बुरी में मशीन में फंसी महिला की मौत

अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ थाना क्षेत्र के बम्बुरी गांव में मशीन से धान की कुटाई करवा रही महिला की मशीन में फंसकर मौत हो गई।

ये हादसा रविवार को पूर्वान्ह साढ़े 11 बजे हुआ। बताया गया कि रमेश चंद्र पुत्र लखन लाल घर के बाहर ट्रैक्टर से धान कुटाई की मशीन में धान कुटवा रहा था। उसकी पत्नी गुड़िया (34) धान की बोरियां लाकर पति का हांथ बंटा रही थी। इसी दौरान साड़ी का पल्लू मशीन की पुल्ली में फंस गया, उसका सिर धड़ से अलग हो गया। उसकी दर्दनाक


रोते-बिलखते परिजन।

मौत हो गई। छह मासूम बच्चों की मां की मौत से गांव में हाहाकार मच गया।

मासूम बच्चों की आंखों के सामने मां की मौत से मौजूद लोग सहम गए। सूचना मिलते ही मऊ थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा। गुड़िया के चार पुत्री व दो पुत्र हैं। पति-पत्नी मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। इस बाबत मऊ थाना प्रभारी राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि सूचना पर पुलिस ने औपचारिक कार्यवाही की है। परिजनों-बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है।


केन्द्रों का निरीक्षण करते डीएम-एसपी।

## परीक्षा केन्द्रों में डीएम-एसपी ने देखे सीसीटीवी कैमरे

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने जिले में उप्र पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को परीक्षा केन्द्र चित्रकूट इंटर कॉलेज कर्वी, डॉ भीमराव अंबेडकर इंटर कॉलेज बरवारा, जयराम राही इंटर कॉलेज कर्वी, सेठ राधाकृष्ण पोद्दार इंटर कॉलेज सीतापुर, जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय सीतापुर का निरीक्षण किया।

रविवार को पुलिस भर्ती परीक्षा का डीएम-एसपी ने निरीक्षण कर सीसीटीवी कन्ट्रोल रुम देखा। परीक्षा ड्यूटी में लगे पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केन्द्रों में देखा कि कोई भी अवांछित तत्व केन्द्र के अन्दर न जा सके। निर्देश दिये कि परीक्षा केन्द्र के दो सौ मीटर के दायरे में कोई भी प्रवेश न करे।

# आंधर राजा बहिर पतुरिया, नाचे जा-नाचे जा

अखंड भारत संदेश

## कुछ कुटिल लोगों की बातों से उबरे सीएम

**चित्रकूट।** जब प्रदेश का मुखिया कुटिल लोगों की बात को महत्व देने लगे तो लोकतंत्र में विधायिका व कार्यपालिका की कुछ ऐसी दशा होती है- आंधर राजा बहिर पतुरिया, नाचे जा-नाचे जा। इन दिनों ऐसा ही कुछ देखने को मिल रहा है।

14 फरवरी को चित्रकूट इंटर कालेज में बुन्देलखण्ड गौरव महोत्सव दौरान चार मासूम बच्चों की बम विस्फोट से मौत हो गई। इन मौतों से पूरा जिला दहल गया, फिर भी किसी जिम्मेदार अधिकारी पर कोई कार्यवाही की सुगबुगाहट तक नहीं मिली। जाहिर है कि कुछ कुटिल लोगों ने प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ तक ये सूचना पहुंचा दी है कि सत्ता पक्ष की छवि कुछ लोग बिगाड रहे हैं। उस छवि को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द सुधारने में लगे हैं, जबकि सत्ता पक्ष की छवि को जितना बट्टा जिला प्रशासन इस मामले में कोई कार्यवाही न कर लगा रहा है, उतना कोई नहीं लगा रहा।

कुछ कुटिल लोगों की बात पर जब प्रदेश के मुखिया आ जायें तो ये कहावत चरितार्थ हो जाती है- अंधाधुन्ध के शासन में घटाटोप का राज है। प्रदेश के मुखिया को कुटिल लोगों की बातों में न आकर स्वविवेक से चार मासूमों की मौत पर निर्णय लेना चाहिए। लोगों ने याद किया कि आज मायावती का शासन होता तो सीधे डीएम पर ही गाज गिरती। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को आंधर राजा बहिर पतुरिया जैसा निर्णय न लेकर ऐसा निर्णय लेना चाहिए कि कानून व्यवस्था के मामले में योगी एक नजीर पेश कर सके। लोकतंत्र में भारी अव्यवस्था के चलते उस राजा को कुछ नहीं दिखता, नर्तकी बहरी है, वह न संगीत सुन सकती न कोई आदेश-ठीक यही हाल इन दिनों विधायिका व कार्यपालिका के होते जा रहे हैं।

# गैर कानूनी ढंग से चल रही पत्थर की अवैध खदान

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** तहसील के छेरिहा खुर्द के डाड़ी गांव में गैरकानूनी ढंग से पत्थर की खदान चल रही है। पत्थरों के अवैध खनन व ढुलान से राजस्व को क्षति पहुंच रही है। जिम्मेदार खामोश हैं।

रविवार को मानिकपुर तहसील के डांडी गांव में पत्थरों की अवैध खदान का पता चला। बताया गया कि प्रशासन व खनिज विभाग से कार्यवाही नहीं हो रही। गैरकानूनी ढंग से खदान से लाखों रुपये के पत्थरों की खुदाई प्रतिदिन हो रही है। लंबे समय से खनिज संपदा का दोहन हो रहा है। प्रशासन को इसकी भनक तक नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि अवैध खदान से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में प्रतिदिन पत्थर ढोये जा रहे हैं। दिनदहाड़े खदान चला रहे माफियाओं को कानून का कोई भय नहीं है। मारकुंडी थाना क्षेत्र के छेरिहा के डाड़ी गांव में गांव समाज व वन विभाग की भूमि पर काफी बड़े क्षेत्र में अवैध खदानें चल रही हैं। इस बाबत खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। जल्द कार्यवाही की जायेगी।

## पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में वन अधिनियम के वारंटी जगलाल पुत्र रामजियावन केवट निवासी घुरेहटा मजरा कोटरा खम्भा को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा गंगाचारण प्रजापति, सिपाही राहुल पांडेय शामिल रहे।


नारेबाजी करते किसान।

## किसानों ने भारत बन्द बनाया सफल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही की अगुवाई में सैकड़ों गांवों के किसानों ने ग्रामीण भारत बन्द को सफल बनाया। शनिवार को जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि बछरन, सगवारा, प्रसिद्धपुर, चांदी, धुमाई, अर्जुनपुर, बरवारा, छिपनी, चिल्ला, संग्रामपुर, सिद्धपुर, रेहुंटिया, लबेद, खंडेहा समेत सैकड़ों गांवों में किसानों ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए उत्पादों को बाजार में नही लाये। खेतो पर किसानों ने कार्य न कर किसानों पर थोपे जा रहे कानूनों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एमएसपी गारंटी कानून, एनजीटी कानून, पराली कानून का विरोध जताते हुए हड़ताल पर रहे।

# नेपाल : पेयजल परियोजना में चीनी कंपनी में 673 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का खुलासा

**काठमांडू।** चीन की ठेकेदार कंपनी के द्वारा बनाए जा रहे देश के सबसे बड़े पेयजल परियोजना में 673 करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार होने की बात कहते हुए अदालत में मुकदमा दायर किया गया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ बने जांच एजेंसी अख्तियार दुरूपयोग अनुसंधान आयोग के तरफ से रविवार को विशेष अदालत में मेलम्ची पेयजल परियोजना में सरकारी अधिकारियों की मिलीभगत में निर्माण कंपनी के द्वारा 678 करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार होने की बात कहते हुए मुकदमा दायर किया गया। इस भ्रष्टाचार को अंजाम देने तथा निर्माण ठेकेदार कंपनी को फायदा पहुंचाने के आरोप में नेपाल सरकार के तीन पूर्व सचिवों सहित 15 सरकारी कर्मचारी को आरोपित बनाया गया है। इसके अलावा निर्माण ठेकेदार कंपनी, परामर्शदाता कंपनी सहित तीन कंपनियों को भी आरोपित बनाया गया है। अख्तियार के द्वारा जारी विज्ञप्ति के



मुताबिक करीब पौने सात अरब रुपये के भ्रष्टाचार के लिए पेयजल मंत्रालय के तीन पूर्व सचिव संजय शर्मा, भीम उपाध्याय व गजेन्द्र ठाकुर को आरोपी बनाया गया है।

इसके अलावा पेयजल विकास समिति के बोर्ड सदस्य मुकुन्द प्रसाद पौडेल और रुद्र सिंह तामांग, कार्यकारी निर्देशक घनश्याम भट्टराई, रामचन्द्र देवकोटा और सूर्यराज कंडेल को आरोपी बनाया गया है। इनमें रूद्र सिंह तामांग इस समय नेपाल इमीग्रेशन के महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं। अख्तियार के तरफ से दायर किए गए इन सभी को दस दस साल सजा की मांग करते हुए जुमार्ना लगाने की भी मांग की गई है।

अख्तियार के तरफ से जो चार्जशीट दायर की गई है, उसमें चाइनीज निर्माण कंपनी सिनो हाइड्रो लिमिटेड, पूर्व निर्माण कंपनी सीएमसी दी रावेन, इटली, परामर्शदाता कंपनी इप्तिसा बीइटीएस कन्सलटिंग सर्विस को भी आरोपी बनाया गया है। इन सभी पर आरोप गै कि इस परियोजना में जो काम नहीं हुआ है उसका भी बिल भुगतान किया गया है। इतना ही नहीं कोरोना के दो वर्षों तक कोई भी निर्माण कार्य नहीं हुआ लेकिन उस दौरान भी काम होने का फर्जी बिल दिखा कर करोड़ों रुपये का भुगतान लेने की बात चार्जशीट में उल्लेख है।

# एक्सपर्ट सिखाएंगे उद्यमिता एवं स्किल डेवलपमेंट के गुर, छात्र शुरू करें स्टार्टअप, सरकार बनेगी मददगार

**झांसी।** लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी से पूर्व बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी@4.0 "उद्यम अभिमुखीकरण कार्यक्रम" में पदमश्री प्रो अरविंद कुमार पूर्व कुलपति रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय विश्वविद्यालय ने बताया कि देश की जीडीपी में प्रदेश की नौ प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसको ध्यान में रखते हुए प्रदेश को एक ट्रिलियन इकोनॉमी वाला प्रदेश बनाने में सबको अपना सहयोग देना होगा। छात्र स्टार्टअप शुरू करें। सरकार की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं से मदद मिलेगी। वह रविवार को बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के गांधी सभागार में आयोजित "उद्यम अभिमुखीकरण कार्यक्रम" में छात्रों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पढ़ाई के बाद क्या करना है यह सवाल विद्यार्थियों के मन में रहता है। इसके लिए देश के प्रधानमंत्री व प्रदेश के मुख्यमंत्री चिंता कर रहे हैं। हमारा देश विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है इसे तीसरे नंबर पर लाना है। लेकिन सिर्फ सपने देखने से कुछ नहीं होगा, देश को योजना बनाकर औद्योगिक व मानव श्रम से आगे बढ़ाना होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से जॉब पाने वाले नहीं जॉब देने वाले बनने का आह्वान किया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता उत्तर प्रदेश सरकार के विशेष सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण धीरेन्द्र सचान ने कहा कि विश्वविद्यालय देश में ऐसे उच्च शिक्षण संस्थान हैं जहां देश के भविष्य की नर्सरी तैयार हो रही है। यहां से निकलने वाले विद्यार्थी देश की राजनीति से लेकर विभिन्न पदों व संस्थानों की कमान संभालते हैं। आज विकास में प्रदेश का दूसरा स्थान है। प्रदेश में 22 देशों की कंपनियां उद्योग स्थापित करने आ रही हैं, 38 लाख करोड़ का निवेश होने जा रहा है। सरकार ने दो करोड़ से अधिक रोजगार पैदा करने का लक्ष्य तय किया है। आज सरकार उद्योग व रोजगार देने के लिए संसाधन पैदा कर रही है। उन्होंने बताया कि विगत वर्ष प्रदेश सरकार द्वारा "गलोबल इन्वेस्टर्स समिट .2023", के माध्यम से लगभग 38 लाख करोड़ निवेश के एमओयु पर हस्ताक्षर किए गए थे।

# नेपाल में महिलाओं की कलश यात्रा पर पथराव के बाद इलाके में तनाव, पुलिस बल तैनात

**काठमांडू।** मधेश प्रदेश के महोत्तरी जिला के गांव में शनिवार को महिलाओं की कलश यात्रा में मस्जिद के भीतर से पथराव के बाद रविवार को भी यहां स्थिति तनावपूर्ण है। इस घटना के बाद बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। महोत्तरी जिले के सम्सी गांव में शनिवार की दोपहर को महिलाओं की कलश यात्रा पर अचानक ही पथराव हुआ था, जिसके बाद तनावग्रस्त माहौल बन गया। पुलिस ने बताया कि मस्जिद के आगे से जब कलश यात्रा गुजर रही थी कि अचानक ही मस्जिद के भीतर से पथराव शुरू हो गया। पथराव के बाद बिगड़े माहौल को संभालने के लिए पुलिस ने 3 राउंड हवाई



फायर किये थे। इस झड़प में कई लोगों के घायल होने की खबर है। महोत्तरी के डीएसपी चन्देश्वर यादव ने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बावजूद पथराव होना दुखद है।

स्थिति को नियंत्रण में लेने के लिए तीन राउंड हवाई फायर करने पड़े। उन्होंने बताया कि पथराव करने वाली तीन महिलाओं को मस्जिद परिसर से गिरफ्तार किया गया है। जिला प्रशासन ने सम्सी गांव और आसपास के इलाके में बड़े पैमाने पर सुरक्षा बलों को तैनात किया है। इसके अलावा जिला प्रशासन ने दोनों पक्षों को वार्ता के लिए बुलाया है। मुस्लिम पक्ष का आरोप है कि पहले कलश यात्रा में शामिल लोगों की तरफ से मस्जिद के भीतर पथराव किया था लेकिन हिन्दू पक्ष ने इन आरोपों का खंडन किया है। हिन्दू पक्ष का कहना है कि शान्तिपूर्ण माहौल में कलश यात्रा हो रही थी लेकिन मस्जिद के इलाके से गुजरने पर कलश यात्रा में शामिल महिलाओं पर पथराव शुरू हो गया। फिलहाल तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए भारी पुलिसबल तैनात किया गया है।

## अमेरिका में गोलीबारी में दो अधिकारियों समेत तीन की मौत

**बर्न्सविले।** अमेरिका में मिनेसोटा के मिनियापोलिस उपनगर में घरेलू हिंसा संबंधी एक शिकायत मिलने के बाद रविवार तड़के मदद के लिए पहुंचे दो पुलिस अधिकारियों समेत तीन लोगों की गोली मारकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस अधिकारियों का प्रतिनिधित्व करने के वाले एक संघ ने यह जानकारी दी है।

मिनेसोटा पुलिस एंड पीस ऑफिसर्स एसोसिएशन ने इस घटना में बर्न्सविले के पुलिस अधिकारियों समेत तीन लोगों की मौत होने की पुष्टि की। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए पुलिस, दमकल विभाग और मेयर समेत शहर के किसी भी अधिकारी से बात नहीं हो सकी है। इस मामले में आधिकारिक सूचना और पुष्टि किया जाना बाकी है।

## पाकिस्तान: चुनावी धांधली के नौकरशाह के आरोपों की जांच को ईसीपी ने कमेटी बनाई, तीन दिनों में रिपोर्ट

**इस्लामाबाद।** रावलपिंडी के आयुक्त लियाकत अली चट्ठा की तरफ से लगाए गए चुनावी धांधली के आरोपों की जांच के लिए पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। चुनावी प्रक्रिया से जुड़े विभिन्न आलाधिकारियों का बयान दर्ज कर यह कमेटी तीन दिनों के भीतर रिपोर्ट देगी।

रावलपिंडी के आयुक्त लियाकत अली चट्ठा द्वारा लगाए गए चुनावी धांधली के आरोपों की जांच के लिए गठित उच्चस्तरीय समिति में सचिव, विशेष सचिव और अतिरिक्त महानिदेशक (कानून) सहित चुनाव आयोग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। कमेटी रिटर्निंग अधिकारियों और जिला रिटर्निंग अधिकारियों के बयान दर्ज करेगी और तीन दिनों के भीतर आयोग को रिपोर्ट पेश करेगी। पिंडी आयुक्त के खिलाफ ईसीपी की अवमानना सहित कोई कानूनी कार्रवाई की जाएगी या नहीं, इस पर निर्णय रिपोर्ट के निष्कर्षों का विश्लेषण करने के बाद किया जाएगा।

ईसीपी की तरफ से कमेटी के गठन की घोषणा शनिवार को हुए उस घटनाक्रम के बाद की गई है जब चट्ठा ने मुख्य चुनाव आयुक्त और मुख्य न्यायाधीश पर चुनावी गड़बड़ियों में शामिल होने का सनसनीखेज आरोप लगाते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। चट्ठा का दावा था कि जीत रहे पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों को हराया गया।

पाकिस्तान में आम चुनाव के नतीजे आए एक सप्ताह से अधिक का समय गुजर चुका है लेकिन अबतक सरकार गठन की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। पाकिस्तान में 8 फरवरी को चुनाव हुए थे और इसी दिन मतों की गिनती शुरू हो चुकी थी जो अगले दो दिनों तक जारी रही। पीटीआई ने आम चुनाव में धांधली और जनादेश की चोरी का आरोप लगा रही है।

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट में दबाव, बिटकॉइन 52 हजार डॉलर के स्तर से नीचे लुढ़का

**नई दिल्ली।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज दबाव का माहौल बना हुआ है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ 2 मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं, जबकि 8 गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन भी आज गिरावट का शिकार होकर 52 हजार डॉलर के स्तर से नीचे आ गई है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 7 बजे तक बिटकॉइन 0.96 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51,760.94 डॉलर यानी 42.96 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम की कीमत भी आज 1.49 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिरकर 2,782.61 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा सोलाना 2.32 प्रतिशत, एक्सआरपी 2.82 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत, काडानो 2.17 प्रतिशत, एवालांचे 3.22 प्रतिशत और डोजेकॉइन 2.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टेथर 0.03 प्रतिशत और बीएनबी 0.13 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

# रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत की पुष्टि

**मॉस्को।** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के धुर विरोधी एलेक्सी नवलनी की मौत की पुष्टि उनके प्रवक्ता ने शनिवार को की। प्रवक्ता ने कहा कि नवलनी की ह्यहत्याह्न की गई है लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि उनका शव कहां है।

नवलनी की प्रवक्ता किरा यर्मिश ने कहा कि नवलनी की मां को सौंपे गए एक आधिकारिक दस्तावेज में कहा गया है कि शुक्रवार को स्थानीय समयानुसार अपराह्न 2:17 बजे नवलनी की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि आर्कटिक जेल क्षेत्र के एक कर्मचारी ने बताया कि नवलनी की मौत की जांच के तहत उसके शव को पास के शहर सालेकहार्ड ले जाया गया। उन्होंने मांग की है कि उनका शव उनके परिवार को सौंप दिया जाए।

नवलनी की टीम ने बताया कि जब एक वकील और नवलनी की मां सालेकहार्ड में मुर्दाघर गये तो यह बंद था। उनकी टीम ने बताया कि नवलनी का शव पोस्टमार्टम हाउस में नहीं है। यर्मिश ने ह्यएक्सह्न पर कहा, हम मांग करते हैं कि एलेक्सी नवलनी का शव तुरंत उनके परिवार को सौंपा जाए।



नवलनी की मौत का कारण अस्पष्ट है। नवलनी को सरकार में भ्रष्टाचार और रूसी शासन प्रतिष्ठान क्रेमलिन के खिलाफ व्यापक प्रदर्शनों के लिए जाना जाता था।

संघीय जेल सेवा ने एक बयान में कहा था कि शुक्रवार को टहलने के बाद नवलनी को स्वाथ्य संबंधी दिक्कत महसूस हुई और वह बेहोश हो गए। इसने कहा कि नवलनी की मदद के लिए एक एंबुलेंस पहुंची, लेकिन उनकी मृत्यु हो गई। नवलनी के भ्रष्टाचार रोधी फाउंडेशन के बोर्ड की प्रमुख मारिया पेवचिख ने कहा कि विपक्षी नेता ह्यह्यलाखों दिलों में हमेशा जीवित रहेंगे।ह्नह्न उन्होंने ह्यएक्सह्न पर कहा, ह्यह्यनवलनी की हत्या कर दी गई। हम अब भी नहीं जानते कि हम उनके बिना कैसे रहेंगे, लेकिन साथ मिलकर हम कुछ सोचेंगे।

नवलनी चरमपंथ के आरोप में 19 साल की सजा काट रहे थे। उन्हें दिसंबर में मध्य रूस के व्लादिमीर क्षेत्र स्थित जेल से दूरदराज के आकर्टिक क्षेत्र में खार्प शहर स्थित रूस की उच्चतम सुरक्षा वाली एक जेल में स्थानांतरित कर दिया गया था।

# रूस के तीन लड़ाकू विमानों को यूक्रेन ने मार गिराया

**कीव।** पूर्वी यूक्रेन में दो रूसी एसयू-34 लड़ाकू बमवर्षक और एक एसयू-35 लड़ाकू विमान को यूक्रेनी सेना ने शनिवार को मार गिराया।

यूक्रेन की वायुसेना के प्रमुख म्यकोला ओलेश्चुक ने टेलीग्राम पर लिखा, शनिवार सुबह यूक्रेनी सेना की वायुसेना पूर्वी इकाई ने शत्रु के तीन विमानों को ध्वस्त कर दिया। दूसरी ओर यूक्रेन के सैन्य प्रमुख कर्नल-जनरल अलेग्जेंडर सिरस्की ने शनिवार को कहा कि यूक्रेनी सेना तबाह हो गए पूर्वी शहर अवदीवका से पीछे हट गई है। इससे रूस के आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूसी हमले के दो वर्ष पूरे हो जाएंगे।

सेना प्रमुख ने कहा कि यूक्रेनी सेना शहर के बाहर ज्यादा सुरक्षित स्थानों पर चली गई है। कीव ने कहा कि यूक्रेन को गोला-बारूद की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी सैन्य सहायता में देरी के कारण पीछे हटने की घोषणा की गई। इसका



उद्देश्य सैनिकों को महीनों की भीषण लड़ाई के बाद रूसी सेना से पूरी तरह घिरे होने से बचाना था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वी. जेलेंस्की ने शनिवार को सहयोगियों को चेतावनी दी कि उनके देश के लिए हथियारों की कमी के खतरे से रूस को राहत मिल रही है। राष्ट्रपति के इस कथन के कुछ ही घंटे बाद उनके सैन्य प्रमुख ने कहा कि पूर्वी शहर अवदीवका से सेना पीछे हट रही है। जेलेंस्की ने सुरक्षा और विदेश नीति अधिकारियों के वार्षिक सम्मेलन और म्यूनिख सुरक्षा कान्फ्रेंस को संबोधित किया।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

# नेपाल: मूर्ति विसर्जन के क्रम में मुसलमानों के अवरोध के बाद झड़प, अनिश्चितकालीन कर्फ्यू आदेश जारी

**काठमांडू।** रौतहट जिला के एक मुस्लिम बहुल इलाके में सरस्वती पूजा के बाद मूर्ति विसर्जन के क्रम में दोहरे झड़प के बाद स्थिति तनावपूर्ण बना हुआ है। लगातार हो रहे झड़प को नियंत्रण में लेने के लिए जिला प्रशासन ने शनिवार शाम से अनिश्चितकालीन कर्फ्यू आदेश जारी कर दिया है। रौतहट जिला के ईशनाथ नगरपालिका के वार्ड नम्बर-7 में मूर्ति विसर्जन के क्रम में मुस्लिम समुदाय द्वारा अवरोध किए जाने के बाद स्थिति तनावपूर्ण होने की जानकारी स्थानीय लोगों ने दी है। रौतहट के पुलिस एसपी विनोद घिमिरे ने बताया कि शुक्रवार को विसर्जन के क्रम में मुस्लिम समुदाय द्वारा मस्जिद के आगे से मूर्ति विसर्जन का जुलूस ले जाने को लेकर विरोध जताया गया। बाद में पुलिस की मध्यस्थता में मूर्ति विसर्जन का रूट परिवर्तन किया गया। हिन्दू



पक्ष द्वारा शनिवार को पुनः मूर्ति विसर्जन के लिए जुलूस निकालते समय मुस्लिम समुदाय ने फिर से पथराव शुरू कर दिया, जिसके बाद हिन्दू युवाओं के द्वारा भी प्रतिकार किया गया। मूर्ति विसर्जन के क्रम में दोहरे झड़प शुरू होने के बाद प्रशासन ने शनिवार शाम से आसपास के इलाके में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू आदेश जारी कर दिया गया है। रौतहट के प्रमुख जिलाधिकारी हिरालाल रेग्मी ने कर्फ्यू आदेश जारी करते हुए तनावग्रस्त इलाके में भारी मात्रा में हथियारबंद सुरक्षाकर्मियों की तैनाती कर दी है। जिलाधिकारी रेग्मी ने कहा कि स्थिति इतनी खराब है कि अब तक झडप में कितने लोग घायल हुए हैं, उसका अंदाजा भी नहीं लग पा रहा है। तनावपूर्ण अवस्था को नियंत्रण में लेने के लिए ही कर्फ्यू आदेश जारी किया गया है।